कर्नाटक सरकार

# हिंदी सुमन

## प्रथम भाषा हिंदी

## Hindi First Language

# 5

## पाँचवीं कक्षा

## Fifth Standard

©KTBS
Not to be republished

**Karnataka Text Book Society (R.)**
100 Ft. Ring Road, BSK 3rd Stage,
Bengaluru - 560 085.

# PREFACE

The Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi prepared which in turn are designed based on NCF – 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 11 languages, seven of them serve as the media of instruction. From standard 1 to 4 there is the EVS and 5$^{th}$ to 10$^{th}$ there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

NCF – 2005 has a number special features and they are:

- Connecting knowledge to life activities
- Learning to shift from rote methods
- Enriching the curriculum beyond textbooks
- Learning experiences for the construction of knowledge
- Making examinations flexible and integrating them with classroom experiences
- Caring concerns within the democratic policy of the country
- Make education relevant to the present and future needs.
- Softening the subject boundaries integrated knowledge and the joy of learning.
- The child is the constructor of knowledge

The new books are produced based on three fundamental approaches namely.

Constructive approach, Spiral Approach and Integrated approach

The learner is encouraged to think, engage in activities, masters skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they help the learner in the total development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country India.

Language textbooks are designed to help learners master communicative competencies, excellent comprehension, meaningful expression and efficient reference skills.

English is studied by most students as the second language. Teachers have to keep in mind the three fundamental approaches based on which the readers have

©KTBS
Not to be republished

been designed and adapt their teaching methods and help learners master language skills and competencies and help them become excellent users of English.

Schools in Karnataka offer seven languages as media of instruction and eight as first languages and ten languages are offered as third language. The objective is to help the learners to use these languages efficiently at the communicative level. It is hoped that at least a cross section of learners achieve competencies to use these languages at the creative level.

Teachers are expected to adapt their teaching methods not to make these textbooks just feed materials for examinations, but help learners master language competencies such as communication, comprehension, expression in writing and necessary reference skills.

There is going to be a source book for teachers in Kannada 1st language, English 2nd language and Hindi 3rd language. Please make use of these source books and make teaching very effective.

The Textbook Society expresses its gratitude to the chairpersons, writers scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board in helping the Text Book Society in producing these textbooks.

©KTBS Not to be republished

**Prof. G S Mudambadithaya**
Co-ordinator
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru.

**Nagendrakumar**
Managing Director
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru.

# प्रस्तावना

पाठ्य पुस्तकों को वर्तमान उद्देश्यों के अनुसार बनाने की प्रक्रिया स्वरूप एन्. सी.एफ् २००५ के पाठचर्या में प्रस्तावित सुझावों और मूल्यों को ध्यान में रखकर पाठ्य पुस्तक की रचना की गई है। विचारों के आदान-प्रदान तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का सशक्त माध्यम मातृभाषा ही होती है, अतः विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए आवश्यक सभी तत्वों का समावेश पाठ्य पुस्तक में होना आवश्यक है।

प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक में इन सभी बातों को ध्यान में रखा गया है। पुस्तक की भाषा सरल, सहज और ग्राह्य है। पुस्तक में सभी विधाओं जैसे कि कविता कहानी, निबंध, एकांकी, जीवनी आदि को सम्मिलित किया गया है। आशा है पुस्तक के अध्ययन द्वारा छात्रों की सृजनात्मक, रचनात्मक व वैचारिक प्रतिभा का विकास होगा। विषय की दृष्टि से पाठ पर्यावरण, खेलकूद, भारतीय संस्कृति, विज्ञान, इतिहास, देशाभिमान आदि से संबन्धित हैं। व्याकरणांशों का परिचय सरल रूप से कराया गया है। अभ्यास छात्रों की क्षमता को दृष्टि में रखकर अभ्यास बनाये गये हैं। हमारे इस प्रयास को सफल व सार्थक करने में समिति के सभी सदस्यों की ओर से प्राप्त सहयोग के लिए आभारी हूँ। सलाह और नये सुझावों का सदा स्वागत है।

अध्यक्षा
पाठ्य-पुस्तक रचना समिति

©KTBS Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक रचना समिति

**अध्यक्षा :**

**श्रीमती उमाराव,** हिंदी अध्यापिका, सरकारी पदविपूर्व कॉलेज (नगर पालिका) हाईस्कूल विभाग, बल्लारी.

**सदस्य :**

**श्री सुधीन्द्र बी.के,** अवकाश प्राप्त अध्यापक, सरकारी पी.यू. कॉलेज, वेमगल, कोलार तालूक

**श्री मंजुनाथ .डी,** अध्यापक, सरकारी पी.यू. कॉलेज, चिक्कगोंडन हल्ली, चित्रदुर्गा

**श्री श्रीनिवास श्रेष्ठी टीका,** अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, ब्यासगीदेरी, हगरीबोम्मन हल्ली, **बल्लारी**

**श्रीमती वनिता,** अध्यापिका, एम.ई. एस. हाईस्कूल, जयनगर चौथा ब्लॉक, बेंगलूरु-१

**श्री जी.एम्. जंगी,** कलाकार, डी.एस.ई.आर.टी, बेंगलूरु

**परिशीलक :**

**डॉ. सुब्बलक्ष्मी**, प्रवक्ता, वी. वी. एस. महाविद्यालय, बेंगलूरु.

**अध्यक्ष, संपादक मंडल :**

**डॉ. प्रभाशंकर 'प्रेमी',** अवकाश प्राप्त हिंदी प्रोफेसर, बेंगलूरु विश्वविद्यालय, बेंगलूरु.

**प्रधान संयोजक :**

**श्री जि. एस्. मुडंबडित्ताय,** संयोजक, पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु - ५६० ०८५.

**सहायता एवं मार्गदर्शन :**

**श्री. नागेंद्रकुमार,** प्रबंध निदेशक,कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती सी. नागमणि,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014–15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: "ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯಾತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರಿಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು" – ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ 'ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ' ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016–17ರ ಬದಲು 2017–18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು.

©KTBS Not to be republished

ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ **(N.C.E.R.T)** ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರ ರಾಜ್ಯಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ. ಆದ್ದರಿಂದ

© KTBS Not to be republished

ಈಗಾಗಲೇ ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

**ನರಸಿಂಹಯ್ಯ**
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

**ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ**
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು–85

© KTBS Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

**सर्वाध्यक्ष :**

**प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा,** अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु.

**सहयोग :**

**श्री नरसिंहय्या,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-५६००८५

**श्रीमती. नागमणि सी,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**अध्यक्षः**

**डॉ. नामदेव. एम. गौडा,** विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, महाराजा कॉलेज, मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरु-५७०००५

**सदस्य :**

**श्रीमती. सुमा. एस. के,** विषय परिवीक्षिका (हिंदी) बेंगलूरु विभाग आयुक्तालय बेंगलूरु-५६० ००१

**डॉ. रागिनी. आर,** हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) ७३८/४, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - २४

**डॉ. एस. ए. मंजुनाथ,** सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पोंपै कॉलेज, ऐकला, मंगलूरु-५७४१४१

**डॉ. एस. विजि,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी हाईस्कूल, वोंटीकोप्पल, मैसूरु-५७००२०

**श्री. जी. एम. मंजुनाथ,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी पी.यु. कॉलेज, गौनीपल्ली, श्रीनिवासपुरा ताल्लुका, कोलार जिला-५६३१६१

**श्रीमती. वसंतकुमारी बाई,** सह-शिक्षिका (हिंदी), एस. एस. पी. एस. हाईस्कूल, कोप्पा ताल्लुका, चिक्कमगलूरु जिला - ५७७१२६

**वासुदेवमूर्ति. एस,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, उद्बूरु, मैसूरु तालूक, मैसूरु जिला - ५७००२६.

**उन्नत परिशीलन समिति :**

**डॉ. काशीनाथ अंबलगे,** अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**डॉ. के.ए. सेबास्टियन,** क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

**डॉ. गणेश बि. पवार,** अध्यक्ष, हिंदी विभाग, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**कलाकारः**

**श्री डी. एन. वेंकटेश,** सरकारी हाईस्कूल, उरमार कसलगेरे, मंड्या जिला.

**कार्यक्रम संयोजक :**

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

## अनुक्रमणिका


| क्र.सं | शीर्षक | विधा | पृ.सं |
|---|---|---|---|
| १ | वरदान | कविता | १ |
| २ | कंजूस सेठ | कहानी | ५ |
| ३ | रेशम उद्योग | निबंध | १४ |
| ४ | तात्या टोपे | ऐतिहासिक लेख | २१ |
| ५ | पानी क्यों बरसता है? | कविता | ३० |
| ६ | शेर और बहादुर लड़का | कहानी | ३५ |
| ७ | संतोष का रहस्य | संवाद | ४४ |
| ८ | बढ़े चलो | कविता | ५३ |
| ९ | रास्ते का पत्थर | कहानी | ५८ |
| १० | मेरी ललक- उसकी चमक | कहानी | ६४ |
| ११ | कदंब का पेड़ | कविता | ७४ |
| १२ | श्रेष्ठ कौन? | कहानी | ८२ |
| १३ | सी. वी. रामन | व्यक्ति परिचय | ९१ |
| १४ | अलबेली घंटी | कविता | ९९ |
| १५ | होली का त्योहार | एकांकी | १०४ |
| १६ | वैभवशाली हंपी | निबंध | ११३ |
| १७ | तुलसी के दोहे | दोहा | १२२ |


Not to be republished ©KTBS

## पाठ - १

# वरदान

- चन्द्रपाल सिंह यादव 'मयंक'

**आशय : प्रस्तुत कविता में कवि चंद्रपाल सिंह यादव 'मयंक' कहते हैं कि बालक पढ़-लिखकर अच्छे ज्ञानी और वैज्ञानिक बनें और देश की सेवा करें।**



हे भगवान, दो वरदान
पढ़-लिखकर हम बनें महान।

माता-पिता की आज्ञा माने
करें सदा हम अच्छे काम।
पढ़ें-लिखें हम ध्यान लगाकर
चम-चम-चमके जग में नाम।
इतने अच्छे नंबर लाएँ,
हो हम विद्यालय की शान।




कल हम सबके ही हाथों में
होगी भारत की पतवार।
भारत की बगिया के माली
हम ही देश के पहरेदार।

हम बने वीर और बलवान
तब देश हमारा बने महान।

©KTBS Not to be republished

सब कामों में हमको बढ़कर
सबसे आगे आना है।
बनकर हमको भी वैज्ञानिक
अंतरिक्ष में जाना है।
हम भी प्राप्त सफलता करके
बन जाएँ 'राकेश' समान।
पढ़-लिखकर हम बनें महान।
हे भगवान, दो वरदान।




**कवि परिचय :**

चंद्रपाल सिंह यादव 'मयंक' आधुनिक हिंदी साहित्य के विख्यात कवि हैं। इन्होंने कई बालगीतों की रचना की है। इनके प्रमुख बालगीत हैं - 'स्कूल खुल गये', 'खा लो आम', 'एक रहे हैं, एक रहेंगे', 'दीपों की कतार', 'पढ़ना है जी पढ़ना है।' 'मयंक' कवि चंद्रपाल का काव्यनाम है।

प्रस्तुत कविता को 'पढ़ना है जी पढ़ना है' कविता संग्रह से लिया गया है।

**शब्दार्थ :**

आज्ञा - अनुमति, सदा - हमेशा, नंबर - अंक, पतवार - नाव चलाने का साधन, जग - संसार, बगिया - बगीचा

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

१. बच्चों को किसकी आज्ञा माननी चाहिए?

२. विद्यालय की शान कैसे बढ़ेगी?

३. भारत की पतवार किसके हाथों में होगी?

४. देश कब महान बनेगा?

५. बच्चे वैज्ञानिक बनकर कहाँ जाना चाहते हैं?

**II. नमूने के अनुसार उल्टे अर्थवाले शब्दों को जोड़कर लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| **नमूना :** | अच्छा | पीछे |
| १) | बढ़ना | दुर्बल |
| २) | वीर | असफल |
| ३) | आगे | बुरा |
| ४) | सफल | कायर |
| ५) | बलवान | घटना |

**III. नमूने के अनुसार लिखकर नए शब्द बनाइए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **नमूना -** | **विद्या** | **+** | **आलय** | **=** | **विद्यालय** |
| १. | मंत्र | + | आलय | = | |
| २. | देव | + | आलय | = | |
| ३. | नेत्र | + | आलय | = | |
| ४. | ग्रंथ | + | आलय | = | |

©KTBS Not to be republished

**IV. इस कविता की पहली आठ पंक्तियों को कंठस्थ कीजिए।**

**V. नमूने के अनुसार कविता से शब्द ढूँढ़कर लिखिए :**

**नमूना : वरदान - महान**

१. काम - ________

२. पतवार - ________

३. बलवान - ________

४. आना है - ________

५. समान - ________

**VI. कविता में माता - पिता की आज्ञा मानने की बात कही गयी है। बताइए, आप उनकी किन-किन बातों को मानने के लिए तैयार हैं?**

माता की आज्ञा ________ १. ____________________

२. ____________________

पिता की आज्ञा ________ ३. ____________________

४. ____________________

**योग्यता विस्तार :**

- 'वरदान' जैसी अन्य कविताओं का संग्रह करें तथा प्रार्थना-सभा व कक्षा में गाकर सुनाएँ।
- कविता में उल्लिखित अंतरिक्ष की उड़ान भरनेवाले वैज्ञानिक 'राकेश शर्मा' के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें।

©KTBS Not to be republished

पाठ - २


# कंजूस सेठ

- डॉ. गिरिराजशरण अग्रवाल

**आशय : प्रस्तुत कहानी दक्षिण भारत के बीरबल कहे जाने वाले 'तेनाली राम' की सूझ-बूझ से हमें परिचित कराने वाली एक रोचक हास्य कथा है।**

राजा कृष्णदेवराय के राज्य में एक कंजूस सेठ रहता था। उसके पास धन की कोई कमी न थी, पर एक पैसा भी जेब से निकालते समय उसकी नानी मर जाती थी। एक बार उसके कुछ मित्रों ने हँसी-हँसी में एक कलाकार से अपना चित्र बनवाने के लिए उसे राजी कर लिया। उनके सामने वह मान तो गया, पर जब चित्रकार उसका चित्र बनाकर लाया तो सेठ की हिम्मत न पड़ी कि चित्र के मूल्य के रूप में चित्रकार को सौ स्वर्ण मुद्राएँ दे दें।

यों तो वह सेठ भी एक तरह का कलाकार ही था। उसे अपने चेहरे का स्वरूप बदलने की कला खूब आती थी। चित्रकार को आया देखकर सेठ अंदर गया और कुछ ही क्षणों में अपना चेहरा बदलकर बाहर आ गया।



Not to be republished ©KTBS

उसने चित्रकार से कहा, 'तुम्हारा चित्र ज़रा भी ठीक नहीं बन पड़ा। तुम्हीं बताओ, क्या यह चेहरा मेरे चेहरे से ज़रा भी मिलता है?' चित्रकार ने देखा, सचमुच चित्र सेठ के चेहरे से ज़रा भी नहीं मिलता था।

सेठ बोला, 'जब तुम ऐसा चित्र बनाकर लाओगे, जो मेरी शक्ल से मिलेगा, तभी मैं उसे खरीदूँगा।'

दूसरे दिन चित्रकार एक और चित्र बनाकर लाया, जो हूबहू सेठ के उस चेहरे से मिलता था, जो सेठ ने पहले दिन बना रखा था। इस बार फिर सेठ ने अपना चेहरा बदल लिया और चित्रकार के चित्र में कमी निकालने लगा। चित्रकार बड़ा लज्जित हुआ। उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि इस तरह की गलती उसके चित्र में क्यों होती है ? ऐसा पहले तो कभी नहीं हुआ। अगले दिन वह फिर एक नया चित्र बनाकर ले आया, पर उसके साथ फिर वही हुआ, जो पहले दो दिन हुआ था।

चित्रकार ने उसके बाद सेठ के दो तीन चित्र और बनाए पर हर बार निराश लौटना पड़ा। अब उसकी समझ में सेठ की चाल आ चुकी थी। वह जानता था कि वह मक्खीचूस सेठ असल में पैसे नहीं देना चाहता, पर चित्रकार अपने कई दिनों की मेहनत भी बेकार नहीं होने देना चाहता था।



Not to be republished ©KTBS

बहुत सोच विचारकर तेनालीराम के पास पहुँचा और अपनी समस्या कह सुनाई। कुछ समय सोचने के बाद तेनालीराम ने कहा ''कल तुम उसके पास एक शीशा लेकर जाओ और कहो कि 'आपकी बिलकुल असली तस्वीर लाया हूँ। अच्छी तरह मिलाकर देख लीजिए। कहीं कोई अंतर आपको नहीं मिलेगा।' बस, फिर अपना काम हुआ ही समझो।''

अगले दिन चित्रकार ने ऐसा ही किया। वह शीशा लेकर सेठ के यहाँ पहुँचा और उसके सामने रख दिया।

'लीजिए सेठजी, आपका बिलकुल सच्चा चित्र। गलती की इसमें ज़रा भी गुंजाइश नहीं है।' चित्रकार ने अपनी मुस्कराहट पर काबू पाते हुए कहा।

'लेकिन यह तो शीशा है' सेठ ने झुँझलाते हुए कहा।

'आपकी असली सूरत शीशे के अलावा बना भी कौन सकता है ? जल्दी से मेरे चित्रों का मूल्य एक हज़ार स्वर्ण मुद्राएँ निकालिए' चित्रकार बोला।

सेठ समझ गया कि यह सब तेनालीराम की सूझ-बूझ का परिणाम है। उसने तुरंत एक हज़ार स्वर्ण मुद्राएँ चित्रकार को दे दीं।



©KTBS Not to be republished

तेनालीराम ने जब यह घटना महाराज कृष्णदेवराय को सुनाई तो वे खूब हँसे।

**लेखक परिचय :**

गिरिराजशरण अग्रवाल मुरादाबाद (उ.प्र) के हैं। आप कवि, निबंधकार, नाटककार और व्यंग्यकार हैं। आपने बच्चों के लिए शिक्षाप्रद कहानी, एकांकी आदि रचे हैं। प्रस्तुत रचना 'कंजूस सेठ' तेनालीराम की सूझ-बूझ से संबधित एक हास्य कथा है।

**शब्दार्थ :**

स्वर्णमुद्रा - सोने का सिक्का, हूबहू - एक समान, मक्खीचूस - कंजूस, शीशा - आईना, दर्पण; तस्वीर - चित्र, गुंजाइश - संभावना, नानी मर जाना - संकट में पड़ना

## अभ्यास

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए :**

१) कंजूस सेठ कहाँ रहता था ?

२) चित्र बनाने के लिए कितना मूल्य देना था ?

३) चित्रकार क्यों लज्जित हुआ ?

४) तेनाली राम की बात सुनकर कौन हँसने लगे ?

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

१) किसके पास धन की कमी न थी ?

२) चित्रकार ने अपनी समस्या किसे सुनाई ?

३) सेठ को कितनी स्वर्ण मुद्राएँ देनी पड़ी ?

©KTBS Not to be republished

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

१) सेठ अपना चेहरा बार-बार क्यों बदल लेता था ?

२) तेनालीराम ने चित्रकार को कौन-सा उपाय सुझाया ?

३) तेनालीराम के उपाय का क्या परिणाम हुआ ?

**IV. रिक्त स्थानों को कोष्ठक में दिए गए सही शब्द से भरिए :**

१) चित्र सेठ के उस चेहरे से ______________ मिलता था। (हूबहू/बखूबी)

२) चित्रकार बड़ा ______________ हुआ। (लज्जित/ खुश)

३) कल तुम उसके पास ______________ लेकर जाओ। (शीश/ शीशा)

४) यह सब ______________ की सूझ-बूझ का परिणाम है। (तेनालीराम/कृष्णदेवराय)

**V. सही वाक्य के सामने ''सही'' तथा गलत वाक्य के सामने ''गलत'' लिखिए :**

१) राजा कृष्णदेवराय के राज्य में एक कंजूस सेठ रहता था। [ ]

२) चित्रकार को चित्र के मूल्य के रूप में सौ स्वर्ण मुद्राएँ मिलीं। [ ]

३) चित्र सेठ के चेहरे से बिलकुल मिलता था। [ ]

४) तेनालीराम की सूझ-बूझ के कारण चित्रकार को एक हजार स्वर्ण मुद्राएँ मिलीं। [ ]

५) महाराज कृष्णदेवराय खूब हँसे। [ ]

Not to be republished ©KTBS

**VI. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए :**

१) चेहरा ______________

२) पैसा ______________

३) शीशा ______________

**VII. सही जोड़े मिलाकर वाक्य पूरा कीजिए :**

| अ | ब |
|---|---|
| १) उसके पास धन की | कलाकार था। |
| २) सेठ भी एक तरह का | कोई कमी न थी। |
| ३) चित्रों का मूल्य | सूझ-बूझ का परिणाम है। |
| ४) तेनालीराम की | एक हज़ार स्वर्ण मुद्राएँ थीं। |

**उत्तर :** १. ______________________________

२. ______________________________

३. ______________________________

४. ______________________________

## भाषा - बोध

**विराम चिह्नः**

जो चिह्न बोलते या पढ़ते समय रुकने का संकेत देते हैं, उन्हें विराम चिह्न कहते हैं। विराम का अर्थ है - रुकना या ठहरना।हिंदी में प्रयुक्त विराम चिह्न निम्नलिखित हैं-

१. अल्प विराम ............................... (,)

२. अर्ध विराम ............................... (;)

©KTBS Not to be republished

३. पूर्ण विराम ................................ (।)

४. प्रश्न चिह्न ................................ (?)

५. विस्मयादिबोधक चिह्न ............................ (!)

६. योजक चिह्न ................................ (-)

७. उद्धरण चिह्न ................................ (“ ”)

८. कोष्ठक चिह्न ...................... ( ); [ ], { }

९. विवरण चिह्न ............................ (:-), (:)

**१. अल्प विराम (,)**

इसका अर्थ है - थोड़ी देर के लिए रुकना या ठहरना।

**जैसे** - सतीश, विवेक और नरेन खेलने के बाद घर चले गये।

**२. अर्ध विराम (;)**

जहाँ अल्प विराम से अधिक और पूर्ण विराम से कम रुकना हो, वहाँ अर्ध विराम का प्रयोग होता है।

**जैसे** - खूब मन लगाकर पढ़; परीक्षा निकट आ गई है।

**३. पूर्ण विराम (।)**

इसका अर्थ है - पूरी तरह रुकना या ठहरना।

**जैसे** - अ) मोहन एक अच्छा लड़का है।

आ) यह गाय है।

©KTBS Not to be republished

### ४. प्रश्नवाचक चिह्न (?)

जिस चिह्न से प्रश्न पूछने का आभास होता है, उसे प्रश्नवाचक चिह्न कहते हैं।

**जैसे** - अ) आपका नाम क्या है?

आ) क्या आप मैसूरु जा रहे हैं?

### ५. विस्मयादिबोधक चिह्न (!)

जिस चिह्न का प्रयोग हर्ष, दुःख, विस्मय, आश्चर्य, करुणा, भय आदि भाव प्रकट करने के लिए किया जाता है, उसे विस्मयादिबोधक चिह्न कहते हैं।

**जैसे** - वाह!, कितना अच्छा!, हाय!, हाय हाय!, शाबाश!

### ६. योजक चिह्न (-)

जिस चिह्न से दो या दो से अधिक शब्दों को जोड़ा जाता है, उसे योजक चिह्न कहते हैं।

**जैसे** - फल-फूल, राम-रहीम।

### ७. उद्धरण चिह्न (“ ”)

जिस चिह्न के द्वारा किसी के कथन को ज्यों का त्यों बताया जाता है, उसे उद्धरण चिह्न कहते हैं।

**जैसे** - राम ने श्याम से कहा, “मैं तुम्हारी मदद करूँगा।”

©KTBS Not to be republished

## ८. कोष्ठक चिह्न ( )

किसी शब्द या वाक्यांश का अर्थ स्पष्ट करने या उसकी व्याख्या करने के लिए उसे कोष्ठक के भीतर रखा जाता है।

**जैसे** - राम के अनन्य भक्त (हनुमान) ने चुनौती स्वीकार की।

## ९. विवरण चिह्न (:-), (:)

किसी बात का उत्तर, विवरण या उदाहरण देना हो, तो विवरण चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

**जैसे** - संज्ञा के भेद : व्यक्तिवाचक, जातिवाचक, भाववाचक आदि।

**योग्यता विस्तार :**

- तेनालीराम से संबंधित एक छोटी-सी कहानी अपने शब्दों में लिखिए।

©KTBS Not to be republished

## पाठ - ३

# रेशम उद्‌योग

**-संकलित**


**आशय : किसी भी राष्ट्र या राज्य की आर्थिक उन्नति वहाँ के उद्‌योग पर निर्भर करती है। इन उद्योगों में बृहत् उद्योगों के साथ-साथ कुटीर उद्‌योग भी अपना अलग महत्व रखते हैं। प्रस्तुत पाठ में कर्नाटक के कोलार जिले के रेशम उत्पादन से सम्बन्धित विषयों तथा रेशम के कीड़ों के जीवन-चक्र का विवरण रोचक ढंग से दिया गया है।**

'कोलार' कर्नाटक के प्रमुख जिलों में से एक है। इसे 'लैंड आफ़ सिल्क एण्ड मिल्क'' का नाम मिला है। जानते हैं क्यों ? क्योंकि यहाँ हर दिन तीन लाख लीटर से अधिक दूध और करोड़ों रुपयों के रेशम का उत्पादन होता है। इस जिले के लगभग सभी गाँवों के लोग रेशम उद्‌योग से जुड़े हैं। वे आर्थिक रूप से इस उद्‌योग पर निर्भर हैं।

एक बार यहाँ पर कपड़ों की प्रदर्शनी लगी थी, जिसमें कई दुकानें लगाई गई थीं। रेशम को लोकप्रिय बनाने के उद्‌देश्य से रेशम उत्पादन संबंधी जानकारी देने के लिए केंद्र खोला गया था। रेशम विभाग के एक अधिकारी लोगों को रेशम उद्‌योग की संपूर्ण जानकारी दे रहे थे।

उन्होंने बताया कि रेशम कीड़ों से प्राप्त होता है। रेशम के कीड़ों का विकास चार अवस्थाओं में होता है। मादा पतंग अपने जीवन काल में केवल एक बार अंडे देती है, यह लगभग १०० से १५० अंडे देती है। इन अंडों को इकट्ठा करके एक चिकने कागज (आइल पेपर) पर जमाते हैं। ये अंडे राई के दानों के बराबर होते हैं।

©KTBS Not to be republished



सामान्य तापमान में तीन-चार दिनों में इन अंडों से कीड़े बाहर निकलते हैं। अंडों से बाहर आते ही ये कीड़े शहतूत के पत्ते खाना शुरू कर देते हैं। ये बड़े पेटू होते हैं, लगातार बीस-पच्चीस दिनों तक खाते रहते हैं और चार से छः सेंटिमीटर तक बढ़ते हैं। तब तक इनका वजन भी पाँच सौ गुना बढ़ जाता है। अब ये कीड़े खाना बंद कर देते हैं। इन कीडों का रंग मटमैला होता  है। ये कंबल के कीड़ों की तरह दिखाई देते हैं। कीड़ों की इस अवस्था में इनके मुँह से एक प्रकार का रस निकलता रहता है, जिससे ये अपने चारों ओर कोश बना लेते हैं। इस कोश को 'ककून' कहा जाता है। सही अर्थ में यही रेशम का मूल रूप है।

इन कोशों को उबलते पानी में डालकर इनके मुँह से एक तरल पदार्थ निकाला जाता है। हवा लगते ही यह तरल पदार्थ धागे के रूप में परिवर्तित हो जाता है। हर कोश से चार सौ से पाँच सौ मीटर तक धागा निकाला जाता है। धागा निकालने का यह काम कुशल व्यक्ति ही कर सकते हैं। इन धागों को बुनकर रेशम का कपड़ा तैयार किया जाता है। अगर कोशों को उबलते पानी में न पकाया जाए तो

Not to be republished ©KTBS

इनसे पतंगें बाहर आते हैं। इन पतंगों से अंडे तो पा सकते हैं पर रेशम नहीं। इस तरह रेशम के कीड़ों का जीवन-चक्र बड़ा ही दिलचस्प है।



कच्चा रेशम सिर्फ़ दो रंगों में मिलता है - सफ़ेद और मटमैला। इन धागों को विभिन्न रंगों में रंगकर रेशमी कपड़े तैयार किए जाते हैं।

विश्व-भर में मैसूरु-सिल्क की साड़ियाँ प्रसिद्ध हैं। अब आप जान गए हैं कि यह मुलायम रेशम की कथा है जो कीड़ों की देन है।

**शब्दार्थ :**

अवस्था-दशा, पदार्थ-वस्तु, निर्भर-अवलंबित, कोश-आवरण, कुशल-निपुण

## अभ्यास

**I. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

१) कोलार जिले के लोग किन उद्‌योगों से जुड़े हैं ?

२) रेशम किससे प्राप्त होता है ?

३) रेशम के कीड़े क्या खाते हैं ?

४) ककून किसे कहते हैं ?

५) रेशम मूल रूप में किन रंगों में मिलता है ?

©KTBS Not to be republished

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

१) 'कोलार' को 'लैंड आफ़ सिल्क एण्ड मिल्क' क्यों कहा जाता है?

२) रेशम के कीड़ों के जीवन-चक्र का विवरण दीजिए।

३) कोशों से रेशमी धागों को कैसे निकालते हैं?

४) कोशों को न उबालने पर क्या होता है ?

**III. निम्नलिखित कोष्ठक में से सही उत्तर छाँटकर रिक्त स्थानों को भरिए :**

(मुलायम, शहतूत, उबलते पानी, सिल्क, मिल्क, सफ़ेद, पीला)

१) कोलार जिले को लैंड आफ ........... एण्ड ........... कहते हैं।

२) रेशम के कीड़े ........... के पत्तों को ही खाते हैं।

३) रेशम के कोश का रंग ........... और ........... होता है।

४) धागे निकालने के लिए कोश को ........... ........... में डालते हैं।

५) रेशमी कपड़े बहुत ........... होते हैं।

**IV. उदाहरण के अनुसार 'आ' की मात्रा लगाकर नए शब्दों की रचना कीजिए :**

**उदा :** कम - काम

१. कल -.......... २. गल -..........

३. धन -.......... ४. तप - .......... ५. हर - .........

६. हल - ............ ७. भर - ............

८. नल - ............

© KTBS Not to be republished

**V. निम्नलिखित वर्ग-पहेली से कर्नाटक के जिलों के नाम ढूँढ़कर लिखिए :**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | सू | रु | प | स | ग | चि | बे |
| चि | स् | त्र | जा | र्ग | द | त्र | ल |
| को | ला | र | य | पु | को | दु | गा |
| ड | ला | हा | स | न | र | र्गा | वि |
| गु | ब | र | री | बी | द | र | क |
| स | ल्ला | बैं | ग | लू | रु | ळ | उ |
| तु | म | कू | रु | हा | वे | री | डु |
| धा | र | वा | ड़ | ग | द | ग | पि |

१) **बेलगावि**

२) ......................

३) ......................

४) ......................

५) ......................

६) ......................

७) ......................

८) ......................

९) ________________ १०) ________________

११) ________________ १२) ________________

**VI. कक्षा में चर्चा कीजिए :**


१) रेशम की तरह हमें ऊन भी एक अन्य प्राणी से प्राप्त होता है। क्या आप उस प्राणी को जानते हैं? ऊनी वस्त्र कैसे तैयार किये जाते हैं?

२) लोग गरमी के मौसम में सबसे अधिक सूती वस्त्रों का उपयोग करते हैं। सूत कहाँ से प्राप्त होता है ? ये सूती वस्त्र कैसे तैयार होते हैं ?

३) गांधीजी चरखे पर क्या कातते थे ?

©KTBS Not to be republished

**VII. तितली का जीवन-चक्र जानिए तथा चित्र में रंग भरिए :**



पतंग

## भाषा - बोध

**संज्ञा :**

हमारे आस-पास जो कुछ भी दिखाई देता है, जैसे - लोग, वस्तुएँ, पशु-पक्षी, स्थान, गाँव, शहर - उनके नाम होते हैं।

**उदा :** - **शालिनी** और उसकी **बहन गुड़िया** के साथ खेल रही हैं। **मयंक** को **बाग** में घूमना अच्छा लगता है। वहाँ अपने **मित्रों** से मिलकर उसे खुशी मिलती है।

©KTBS Not to be republished

ऊपर के वाक्यों में व्यक्ति, वस्तु, स्थान, जाति और भाव के नाम आये हैं।

**जैसे-**

| **व्यक्ति** | **वस्तु** | **स्थान** | **भाव** | **जाति** |
|---|---|---|---|---|
| मयंक, शालिनी, | गुड़िया | बाग | खुशी | बहन, मित्र |

ये सभी संज्ञा शब्द हैं। इस प्रकार **किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, जाति और भाव के नाम का बोध करानेवाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं।**

**योग्यता विस्तार :**

- चन्नपट्टणा जिले में गुड़ियों का उद्योग चलता है। आप इसकी जानकारी प्राप्त कीजिए।


©KTBS Not to be republished

## पाठ - ४

# तात्या टोपे

-संकलित

**आशय : इस पाठ में महान स्वतंत्रता सेनानी तात्या टोपे के बारे में बताया गया है। उनके मित्र द्वारा विश्वासघात किए जाने पर उन्हें बंदी बना लिया गया था और फिर मृत्युदण्ड दिया गया था।**



स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व हमारा देश अंग्रेज़ों के अधीन था। अंग्रेज़ भारतीयों पर नाना प्रकार के अत्याचार करते थे। भारत से अधिक से अधिक लाभ उठाकर स्वयं को संपन्न करना उनका मुख्य उद्देश्य था। भारत के संसाधनों का उपयोग करके वे अधिक लाभ कमाना चाहते थे। भारत की संपत्ति को लूटने के लिए अंग्रेज़ों ने हर हथकंड़ा अपनाया। भारतीय राजाओं के राज्यों को हड़पा, किसानों से कच्चा माल न्यूनतम मूल्य पर खरीदा और रईसों के खज़ानों को लूटा। अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए वे सामूहिक नरसंहार करने से भी पीछे नहीं हटते थे। अंग्रेज़ों के अत्याचार असहनीय हो गए थे। उनको देश से बाहर खदेड़ने के लिए समस्त भारतवासी व्याकुल थे। सन् १८५७ में अंग्रेज़ों के विरुद्ध समस्त भारतवासी एक साथ उठ खड़े हुए। समस्त देश में अंग्रेज़ों के अत्याचारी शासन को जड़ से उखाड़ फेंकने की लहर उठी। रानी लक्ष्मीबाई, नाना साहेब और

©KTBS Not to be republished

पेशवा की सेनाओं का अंग्रेजों से घमासान युद्ध होने लगा। सन् १८५७ के 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' में हज़ारों भारतीयों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। इसी स्वतंत्रता संग्राम में एक भारतीय सपूत ने अंग्रेजी सेना को नाकों चने चबवा दिए। वे वीर सपूत थे - तात्या टोपे।

तात्या टोपे का जन्म एक साधारण ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे नाना साहेब के यहाँ एक सिपाही के पद पर कार्य करते थे। जब नाना साहेब व अंग्रेजी सेना के बीच में युद्ध छिड़ा तो उनका एक नया रूप उभरकर सामने आया। अपनी वीरता और पराक्रम के कारण वे एक मामूली सिपाही से नाना साहेब की सेना के सेनापति बन गए।

कानपुर के आस-पास घने जंगल थे। भारतीय स्वतंत्रता सेनानी इन जंगलों में छिप जाया करते थे और जब-तब अंग्रेजी सेना पर आक्रमण करते रहते थे। उनके इस प्रकार आक्रमण करने से अंग्रेजी सेना घबराकर कानपुर शहर की ओर भागने लगी। भारतीय सेना ने भागती हुई अंग्रेज़ी सेना पर धावा बोल दिया। सैकड़ों अंग्रेज़ी सैनिक इस हमले में मारे गए।

अंग्रेज़ जनरल के नेतृत्व में अंग्रेज़ी सेना भागते-भागते कानपुर पहुँच गई। वहाँ उनकी और तात्या टोपे की सेना के बीच भयंकर युद्ध हुआ। अन्ततः भारतीय सैनिकों को विजय प्राप्त हुई। दूसरी ओर लखनऊ में अंग्रेज़ सेनापति और भारतीय योद्धाओं के मध्य युद्ध छिड़ा हुआ था। जब तात्या टोपे को कानपुर में अंग्रेज़ी सेना की पराजय का समाचार मिला तो वे तुरंत अपनी सेना सहित कानपुर की ओर कूच कर गए। जल्दी ही वे कानपुर पहुँच गये। अंग्रेज़ों का सैनिक-बल बढ़ जाने के कारण तात्या टोपे को पीछे हटना पड़ा और वे अपनी सेना सहित कालपी लौट आए।

Not ©KTBS to be republished

तात्या टोपे ने भारत के अन्य राजाओं को संगठित करने का निश्चय किया और उन सबके पास अपना संदेश भेजकर सहायता करने का अनुरोध किया। अनेक भारतीय राजा उनका साथ देने को तैयार हो गए। इस प्रकार तात्या टोपे ने एक विशाल सेना को संगठित कर लिया। भारतीयों की विशाल सेना को देखकर अंग्रेज़ घबरा उठे। उनमें मुकाबला करने का साहस नहीं रहा, परंतु अंग्रेज़ सेनापति किसी भी तरह से तात्या टोपे को मारना अथवा बंदी बनाना चाहता था। इसके लिए वह हर संभव प्रयास कर रहा था।



एक बार अंग्रेज़ों और तात्या टोपे की सेना के मध्य युद्ध छिड़ा हुआ था। अंग्रेज़ी सेना का मुकाबला करते-करते तात्या टोपे घायल हो गए। उन्हें विश्राम की सख्त आवश्यकता थी, वे नरवर राज्य पहुँचे। नरवर का राजा उनका घनिष्ठ मित्र तो था, परंतु उन्हें नहीं पता था कि जिसे वे अपना घनिष्ठ मित्र समझ रहे हैं वह आस्तीन का साँप निकलेगा। अंग्रेज़ों की सहानुभूति पाने की लालसा में नरवर का राजा विश्वासघाती निकला। उसने मित्रता के नाम को कलंकित कर दिया।

KTBS
Not to be republished

नरवर से तात्या टोपे को शिवपुरी लाया गया। वहाँ अंग्रेज़ों ने उन पर मुकदमा चलाया और गंभीर आरोप लगाए। अंततः उन्हें फाँसी की सजा दी गई। भारत के इस महान वीर और अतुल पराक्रमी सपूत ने भारत की स्वतंत्रता के लिए बलिदान दिया। भारत के स्वतंत्रता-आंदोलन के इतिहास में इस देशाभिमानी योद्धा का नाम सदैव अमर रहेगा।

**शब्दार्थ :**

खदेड़ना - भगाना, आक्रमण - हमला, धावा बोलना - हमला करना, अनुरोध - प्रार्थना, घनिष्ठ - निकट का, हथकंडा - उपाय, व्याकुल - बेचैन, विकल; भयंकर - भयानक, अंततः - अंत में, विश्राम - आराम, विश्वासघात - धोखा देना, छल करना; कूच करना - रवाना होना

**अभ्यास**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

१) अंग्रेजों का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

२) भारत की संपत्ति को लूटने के लिए अंग्रेज़ों ने क्या-क्या किया ?

३) भारत का प्रथम स्वतंत्रता - संग्राम कब शुरू हुआ था ?

४) तात्या टोपे कौन थे ? वे नाना साहेब के सेनापति कैसे बने ?

५) अंग्रेज़ी सेना कानपुर की ओर क्यों भागने लगी ?

६) तात्या टोपे नरवर के राजा के यहाँ क्यों गए ?

७) नरवर के राजा ने तात्या टोपे के साथ कैसा विश्वासघात किया ?

©KTBS Not to be republished

**II. उचित शब्दों से निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

१) अंग्रेज़ों के ............... असहनीय हो गए थे।

२) तात्या टोपे का जन्म एक साधारण ................. परिवार में हुआ था।

३) अंग्रेज़ जनरल के नेतृत्व में अंग्रेजी सेना .............. की ओर भागने लगी।

४) लखनऊ में ............... और भारतीय योद्धाओं के मध्य युद्ध छिड़ा हुआ था।

५) अंग्रेज़ सेनापति किसी भी तरह से .............. को बंदी बनाना या मारना चाहता था।

**III. निम्नलिखित वाक्य सही हैं या गलत - लिखिए :**

१) तात्या टोपे का जन्म एक वैश्य परिवार में हुआ था। ..............

२) सन् १८५७ में समस्त भारतवासी एक साथ अंग्रेजों के विरुद्ध उठ खड़े हुए।

३) लखनऊ में तात्या टोपे और अंग्रेज सेनापति की सेनाओं के मध्य घमासान युद्ध हुआ। ...............

४) तात्या टोपे युद्ध में घायल हो गए, उन्हें विश्राम की सख्त आवश्यकता थी। ...............

५) जिसे तात्या टोपे अपना घनिष्ठ मित्र समझ रहे थे, उसीने तात्या की मदद की। ...............

६) नरवर का राजा विश्वासघाती निकला। ...............

७) तात्या टोपे को आजीवन कारावास की सजा दी गई। .............

©KTBS Not to be republished

## बन गया वाक्य

**IV. नमूने के अनुसार अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

**नमूना :** सेनानी : सेनानी अपने देश के लिए मर मिटता है।

१) भारतीय : ..............................................

२) साधारण : ..............................................

३) आक्रमण : ..............................................

४) अनुरोध : ..............................................

५) पराजय : ..............................................

६) मुकदमा : ..............................................

**V. समरूप - भिन्नार्थक शब्दों का नमूने के अनुसार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए :**

**नमूना :** अचार - आचार

मैंने कल आम का अचार खाया था।

उनके आचार-विचार अच्छे हैं।

(१) अनल - अनिल

..............................................................

..............................................................

(२) ओर - और

..............................................................

..............................................................

(३) दिन - दीन

..............................................................

..............................................................


(४) पल - फल

..............................................................

..............................................................

©KTBS Not to be republished

## VI. नमूने के अनुसार मिलान कीजिए :




## VII. नमूने के अनुसार पर्यायवाची शब्द लिखिए :

**नमूना** :- पानी - जल

१) गुलाम ……………
२) समस्त ……………
३) संभव ……………
४) अधिक …………
५) प्रथम ……………
६) तारा ……………

©KTBS Not to be republished

**VIII.. नमूने के अनुसार सही शब्द का मिलान कीजिए :**

| **'अ'** | **'ब'** |
| --- | --- |
| **नमूना :** अंग्रेज → लूटना | वीर सपूत |
| १) तात्या टोपे | मुकाबला |
| २) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम | विश्वासघाती |
| ३) सेना | 1857 |
| ४) नरवर का राजा | लूटना |

# भाषा - बोध

**मुहावरे :**

''अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ देनेवाले वाक्यांश मुहावरे कहलाते हैं।''

जिस प्रकार अंधे व्यक्ति के लिए उसकी लाठी ही सहारा होती है, उसी प्रकार ज़रूरत के समय कोई व्यक्ति एक मात्र सहारा बनता है - इस भाव को समझाने के लिए मुहावरा बना - अंधे की लाठी होना।

## मुहावरे तथा उनका वाक्य में प्रयोग :

आँखों में धूल झोंकना = धोखा देना

चोर पुलिस की आँखों में धूल झोंककर भाग गया।

मुँह छिपाना = लज्जित होना

ऐसा कोई काम मत करो जिससे तुम्हें दूसरों से मुहँ छिपाना पड़े।

©KTBS Not to be republished

**अब आपकी बारी :**

१) धावा बोलना = ......................................

२) जड़ से उखाड़ फ़ेंकना = ..............................

३) नाकों चने चबाना = .................................

४) आस्तीन का साँप = ..................................

**योग्यता विस्तार :**

- तात्या टोपे का चित्र बनाकर अपनी कक्षा में लगाइए।
- रानी लक्ष्मीबाई के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।
- कानपुर, कालपी, नरवर आदि जगहों का नाम वही है या बदल दिया गया है चर्चा कीजिए।

©KTBS Not to be republished

**पाठ - ५**

# पानी क्यों बरसता है ?

- शिशिरशोभन अष्ठाना

**आशय : प्रस्तुत कविता में जल-चक्र जैसे वैज्ञानिक विषय को बड़ी ही सरलता से प्रस्तुत किया गया है। पानी का भाप बनकर बादल बनने से लेकर पानी बरसने तक का चित्रण इस कविता में हुआ है।**

एक दिवस जब उमड़-घुमड़कर
नभ में काले बादल छाए।
तो अति भारी गर्जन लेकर
बिजली के संग पानी लाए।।



रामू ने पूछा चाचा से
'बादल लाते कैसे पानी ?'
चाचा ने वर्षा होने की
कह दी संपूर्ण कहानी।

पानी को गरमाने पर हम
भाप रूप में उसको पाते।
और उसे ठंड़ा करने पर
जल कण तैर कहाँ से आते ?


सूरज की गरमी पा कर
सागर-जल जब तप जाता है,
बनकर भाप पहुँचता नभ पर
बादल काला कहलाता है।

©KTBS Not to be republished

ये ही बादल जल से भरकर
आसमान में छा जाते हैं
हवा झकोरों से उड़-उड़कर
इधर-उधर ये मँडराते हैं।

महासागरों से उठकर जो
भाप हवाएँ बन आती है,
धरती से ऊपर आगे बढ़,
पर्वत से वे टकराती हैं।

यही हवाएँ पर्वत से रुक
ऊपर को जो उठ जाती हैं।
पानी की बूँदे बनकर वे
फिर धरती पर बरसाती हैं।



भेद यही वर्षा होने का
ईश्वर ने यह प्रकृति बनाई।
सावन भादो काला बादल
हरी-भरी बगिया अमराई।।

**कवि परिचय :**

श्री शिशिरशोभन अष्ठाना हिंदी के जाने-माने कवि हैं। इन्होंने विज्ञान सम्बंधी क्लिष्ट विषयों को रोचक तथा सरल रूप में प्रस्तुत करने का सराहनीय प्रयास किया है। दुद्धी (मिर्जापुर) के राजकीय इंटर कॉलेज में आपने प्रवक्ता के रूप में कार्य किया है।

© KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

संग - सहित,साथ; सावन-भादो - हिंदू पंचांग के पाँचवा-छठवा महीना, अमराई - आमों का बगीचा, झकोर - झोंका, मँडराना - चारों ओर से घेर लेना, टकराना - जोर से भिड़ना, वर्षा - बारिश, बरसात

## अभ्यास

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

१. पानी कहाँ से बरसता है?

२. बादल कैसे बनते हैं?

३. पानी को गरमाने पर हम क्या पाते हैं?

४. भाप कहाँ पहुँचता है?

५. किसने यह प्रकृति बनाई?

**II. इन शब्दों का प्रतिलेखन कीजिए :**

१. गर्जन .................. ..................

२. संपूर्ण .................. ..................

३. मुँडराना .................. ..................

४. प्रकृति .................. ..................

५. उड़-उड़ कर .................. ..................

© KTBS Not to be republished

**III. शब्द मिलाइए :**

| अ | ब | उत्तर |
|---|---|---|
| १. उमड़-घुमड़ कर | नभ पर | ................ |
| २. भाप पहुँचता | बादल छाए | ................ |
| ३. रामू ने पूछा | संपूर्ण कहानी | ................ |
| ४. चाचा ने कह दी | चाचा से | ................ |
| ५. भाप टकराती है | पर्वत से | ................ |
| ६. सावन-भादो | अमराई | ................ |
| ७. हरी-भरी | काला बादल | ................ |

**IV. १) जब वर्षा होती है, तब आप क्या-क्या करते हैं? अपने शब्दों में लिखिए।**

**२) इस कविता की जो पंक्तियाँ आपको सर्वाधिक प्रिय लगती हों उन्हें लिखकर याद कीजिए।**

**V. समानार्थक शब्द लिखिए :**

१. नभ - ..............................

२. बादल - ..............................

३. सूरज - ..............................

४. पर्वत - ..............................

५. भूमि - ..............................

©KTBS Not to be republished

**VI. कविता का नाम बताते हुए पद पूरा लिखिए :**

सूरज की ...........................

...................................

.................... भाप ...........

बादल ..............................।

**VII. क्रिया-कलाप :**

१. बरसात के मौसम में अमराई में झूला डालकर झूलें।

२. कागज की नाव बनाकर बारिश के पानी में बहाकर आनन्द उठाएँ।

**योग्यता विस्तार :**

- सावन, भादो-इसी तरह हिन्दू पंचाग (कैलेंडर) के महीनों के नाम जानिए।

©KTBS Not to be republished

## पाठ - ६

# शेर और बहादुर लड़का


**- प्रेमचंद**

**आशय : हिंदी के प्रसिद्ध कहानीकार मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित यह कहानी रोचक तथा शिक्षाप्रद है। प्रस्तुत कहानी से बच्चों को यह शिक्षा मिलती है कि मुसीबत के समय धैर्य नहीं खोना चाहिए और सूझ-बूझ से कठिनाई का सामना करना चाहिए।**

बच्चो, शेर तो शायद तुमने न देखा हो, लेकिन उसका नाम तो सुना ही होगा। शायद उसकी तसवीर देखी हो और उसका हाल भी पढ़ा हो। शेर अक्सर जंगलों और कछारों में रहता है। कभी-कभी वह उन जंगलों से आस-पास के गांवों में आ जाता है और आदमी और जानवरों को उठाकर ले जाता है। कभी-कभी जानवरों को मारकर खा जाता है। कभी-कभी उन जानवरों को उठा ले जाता है; जो जंगलों में चरने जाया करते हैं।

थोड़े दिनों पहले की बात है कि एक गड़रिये का लड़का गाय-बैलों को लेकर जंगल में गया और उन्हें जंगल में छोड़कर एक झरने के किनारे मछलियों का शिकार खेलने लगा। जब शाम होने को आयी तो उसने जानवरों की गिनती की, मगर एक गाय का पता नहीं था। बेचारा बहुत घबरा गया। मालिक मुझे जिंदा नहीं छोड़ेंगे। इस वक्त ढूँढ़ने का मौका नहीं था क्योंकि बाकी जानवर फिर इधर-उधर चले जाते; इसलिए वह उन्हें लेकर घर लौटा और उन्हें बाड़े में बाँधकर, बिना किसी से कुछ कहे गाय की तलाश में निकल पड़ा। उस छोटे लड़के की यह हिम्मत देखो!

©KTBS Not to be republished




अँधेरा हो रहा है, चारों तरफ़ सन्नाटा छाया हुआ है, जंगल भाँय भाँय कर रहा है, गीदड़ का हौवाना सुनाई दे रहा है, पर वह बेखौफ जंगल में बढ़ा चला जा रहा था।

कुछ देर तक तो वह गाय को ढूँढ़ता रहा, लेकिन जब अँधेरा हो गया तो उसे डर लगने लगा। जंगल में बड़े से बड़े आदमी डर जाते हैं, उस छोटे-से बच्चे का कहना ही क्या! मगर जाये कहाँ ? जब कुछ न सूझी तो एक पेड़ पर चढ़ गया और उसी पर रात काटने की ठान ली। उसने पक्का इरादा कर लिया था कि बगैर गाय को लिये घर न लौटूँगा। दिन भर का थका-माँदा तो था ही, उसे नींद आ गयी। नींद चारपाई और बिछावन नहीं ढूँढ़ती।

© KTBS Not to be republished

अचानक पेड़ इतनी ज़ोर से हिलने लगा कि उसकी नींद खुल गयी। गिरते-गिरते बच गया। सोचने लगा; पेड़ कौन हिला रहा है। आँखें मलकर नीचे की तरफ़ देखा तो उसके रोयें खड़े हो गये। एक शेर पेड़ के नीचे खड़ा उसकी तरफ ललचायी आँखों से ताक रहा था। उसकी जान सूख गयी। वह दोनों हाथों से डाल से चिपट गया। नींद भाग गयी।



कई घंटे गुज़र गये, पर शेर वहाँ से ज़रा भी न हिला। वह बार-बार गुर्राता और उछल-उछलकर लड़के को पकड़ने की कोशिश करता। कभी-कभी तो वह इतने नज़दीक आ जाता कि लड़का ज़ोर से चिल्ला उठता।

रात ज्यों-त्यों कटी, सवेरा हुआ। लड़के को कुछ भरोसा हुआ कि शायद शेर उसे छोड़कर चला जाये। मगर शेर ने हिलने का नाम तक नहीं लिया। सारा दिन वह उसी पेड़ के नीचे बैठा रहा। शिकार को सामने पाकर वह कहीं भी क्यों जाता? पेड़ पर बैठे-बैठे लड़के की देह अकड़ गयी थी, भूख के मारे बुरा हाल था, मगर शेर था कि वहाँ से जौ भर भी न हटता था। उस जगह से थोड़ी दूर पर एक छोटा-सा झरना था। शेर कभी-कभी उस तरफ़ ताकने लगता था। लड़के ने सोचा कि शेर प्यासा है। उसे कुछ आस बँधी कि ज्योंही वह पानी पीने जायेगा, मैं भी यहाँ से खिसक जाऊँगा। आखिर शेर उधर चला। लड़का पेड़ पर से उतरने की सोच ही रहा था कि शेर पानी पीकर लौट आया। शायद उसने

©KTBS Not to be republished

भी लड़के का इरादा समझ लिया था। वह आते ही इतनी ज़ोर से चिल्लाया-और ऐसा उछला कि लड़के के हाथ-पाँव ढीले पड़े गये, जैसे वह नीचे गिरा जा रहा हो। मालूम होता था, हाथ-पाँव पेट में घुसे जा रहे हैं, ज्यों-त्यों करके वह दिन भी बीत गया। ज्यों-ज्यों रात होती जाती थी, शेर की भूख भी तेज होती जाती थी। शायद उसे यह सोच-सोचकर गुस्सा आ रहा था कि खाने की चीज़ सामने रखी है और मैं दो दिन से भूखा बैठा हूँ। क्या आज भी एकादशी रहेगी? वह रात भी उसे ताकते ही बीत गयी।

तीसरा दिन भी निकल आया। मारे भूख के लड़के की आँखों में तितलियाँ-सी उड़ने लगी। डाल पर बैठना भी उसे मुश्किल मालूम होता था। कभी-कभी तो उसके जी में आता कि शेर मुझे पकड़ ले और खा जाये। उसने हाथ जोड़कर ईश्वर से विनती की - ‘‘भगवान, क्या तुम मुझ गरीब पर दया न करोगे?’’

शेर को भी थकावट मालूम हो रही थी। बैठे-बैठे उसका जी ऊब गया। वह चाहता था किसी तरह जल्दी से शिकार मिल जाये। लड़के ने इधर-उधर बहुत निगाह दौड़ाई कि कोई नज़र आ जाय, मगर कोई नज़र न आया। तब वह चिल्ला-चिल्लाकर रोने लगा मगर वहाँ उसका रोना कौन सुनता था?

आख़िर उसे एक तदबीर सूझी। वह पेड़ की फुनगी पर चढ़ गया और अपनी धोती खोलकर हवा में उड़ाने लगा कि शायद किसी शिकारी की नज़र पड़ जाये। एकाएक वह खुशी से उछल पड़ा, उसकी सारी भूख, सारी कमज़ोरी गायब हो गयी। कई आदमी झरने के पास खड़े उस उड़ती हुई झण्डी को देख रहे थे।

शायद उन्हें अचम्भा हो रहा था कि जंगल के पेड़ पर झण्डी कहाँ से आयी। लड़के ने उन आदमियों को गिना एक, दो, तीन, चार।

©KTBS Not to be republished

जिस पेड़ पर लड़का बैठा था वहाँ की ज़मीन कुछ नीची थी। उसे ख़्याल आया कि अगर वे लोग मुझे देख भी ले तो उनको यह कैसे मालूम हो कि इसके नीचे तीन दिन का भूखा शेर बैठा हुआ है। अगर मैं उन्हें होशियार न कर दूँ तो यह दुष्ट किसी-न-किसी को ज़रूर चटकर जायेगा। यह सोचकर वह पूरी ताकत से चिल्लाने लगा। उसकी आवाज़ सुनते ही वे लोग रुक गये और अपनी - अपनी बंदूकें सम्हालकर उसको ताकने लगे।

लड़के ने चिल्लाकर कहा, ''होशियार रहो ! होशियार रहो ! इस पेड़ के नीचे एक शेर बैठा हुआ है !''

शेर का नाम सुनते ही वे लोग सँभल गये, चटपट बंदूकों में गोलियाँ भरी और चौकन्ने होकर आगे बढ़ने लगे।

शेर को क्या ख़बर कि नीचे क्या हो रहा है। वह तो अपने शिकार की ताक में घात लगाये बैठा था। एकाएक पैरों की आहट पाते ही वह चौंक उठा और उन चारों आदमियों को एक टीले की आड़ में देखा। फिर क्या कहना था उसे मुँहमाँगी मुराद मिली। भूख में सब्र कहाँ। वह इतने ज़ोर से गरजा कि सारा जंगल हिल गया और उन आदमियों की तरफ़ उसने ज़ोर से छलांग मारी। मगर वे लोग पहले ही से तैयार थे। चारों ने एक साथ गोली चलायी। दन ! दन ! दन ! दन ! आवाज़ हुई। चिड़ियाँ पेड़ों से उड़-उड़कर भागने लगीं। लड़के ने नीचे देखा, शेर ज़मीन पर गिरा पड़ा था। वह एक बार फिर उछला और फिर गिर पड़ा।


लड़के की खुशी का क्या पूछना ! भूख-प्यास का नाम तक न था। चटपट पेड़ से उतरा तो देखा सामने उसका मालिक खड़ा है। वह रोता हुआ उसके पैरों पर गिर पड़ा। मालिक ने उसे उठाकर छाती से लगा लिया और बोला, ''क्या तू तीन दिन से इसी पेड़ पर था ?''

© KTBS Not to be republished

लड़के ने कहा, ‘‘हाँ उतरता कैसे ? नीचे शेर बैठा था।’’ मालिक, ‘‘अरे पागल, गाय तो उसी दिन अपने ही आप चली आयी थी।’’

भूखा - प्यासा होने पर भी लड़का हँस पड़ा।

**लेखक परिचय :**



मुंशी प्रेमचंद जी हिंदी के श्रेष्ठ कहानीकार और उपन्यासकार हैं। इन्होंने अपनी रचनाओं में जीवन के सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला है।

इनका पूरा नाम धनपतराय श्रीवास्तव था। इनका जन्म जुलाई ३१, सन् १८८० में उत्तर प्रदेश के लमही नामक गाँव में हुआ था। इनकी मृत्यु अक्तूबर ८, सन् १९३६ में वाराणसी में हुई। इनकी लोकप्रिय रचनाएँ हैं- गोदान, सेवासदन, कर्मभूमि, कायाकल्प, निर्मला, गबन आदि। इन्हें ‘‘उपन्यास सम्राट’’ कहा जाता है।

**शब्दार्थ :**

कछार - नदी किनारे की ज़मीन, सन्नाटा - निःशब्दता, अक्सर - प्रायः, बेख़ौफ - निर्भय, फिक्र - चिन्ता, तसवीर - चित्र, सब्र - धैर्य, अकड़ - घमंड, नज़र - दृष्टि, तदबीर - उपाय, फुनगी - पेड़ की ऊपरी डाली, अचंभा - आश्चर्य, ठान - निश्चय

## अभ्यास

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

१) शेर कहाँ रहता है ?

२) लड़का झरने के किनारे क्या करने लगा ?

© KTBS Not to be republished

३) लड़का किसकी तलाश में निकल पड़ा ?

४) पेड़ को कौन हिला रहा था ?

५) शेर के मन में भूख के मारे कौन-सा प्रश्न उठा ?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१) लड़का पेड़ पर रात क्यों काटने लगा ?

२) जब लड़का गाय ढूँढ़ने गया तब जंगल कैसा था ?

३) भूख के मारे लड़के की हालत कैसी रही ?

४) अंत में लड़के को कौन-सी तदबीर सूझी ? क्यों ?

**III. खाली जगहों में सही शब्द भरिए :**

१) अँधेरा हो रहा है, चारों तरफ़ ............... छाया हुआ है।

२) एक ................ पेड़ के नीचे खड़ा था।

३) लड़के ने सोचा कि शेर ................ है।

४) शेर को भी ................ मालूम हो रही थी ।

५) चटपट पेड़ से उतरा तो देखा सामने उसका ................ खड़ा था।

**IV. नमूने के अनुसार जोड़कर लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **नमूना :** | शेर | - | मंदिर |
| १. | मानव | - | बाड़ा |
| २. | गाय | - | जंगल |
| ३. | भगवान | - | घर |
| ४. | साँप | - | घोंसला |
| ६. | कोयल | - | बाँबी |

©KTBS Not to be republished

**V. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

१) आँख - .......... .......... ..........
२) ईश्वर - .......... .......... ..........
३) जंगल - .......... .......... ..........
४) झंडा - .......... .......... ..........

**VI. विलोम शब्द लिखिए :**

१) बुरा × ..................
२) गरीब × ..................
३) आगे × ..................
४) दूर × ..................

**VII. नीचे दिये गये शब्दों का अन्य लिंग रूप लिखिए :**

१) लड़का - ...............
२) मालिक - ...............
३) शेर - ...............
४) गाय - ...............
५) आदमी - ...............

**VIII. नीचे दिए गए वाक्यों में से सही वाक्य के सामने सही (✓) और गलत वाक्य के सामने गलत (×) चिह्न लगाइए :**

१) शेर अक्सर घरों में रहता है। [ ]

२) लड़का गाय - बैलों को लेकर जंगल में गया। [ ]

३) लड़का शेर का शिकार करने लगा । [ ]


४) भूखा - प्यासा होने पर भी लड़का हँस पड़ा। [ ]

©KTBS Not to be republished


**योग्यता विस्तार :**

- **नमूने के अनुसार प्राणियों के सामने उनकी आवाज़ जोड़कर लिखिए:**

**चित्र** **आवाज़**

**नमूना:**  ______ ______ रंभाना

१)  ______ चिंघाड़ना ______ ..........

२)  ______ गुर्राना ______ ..........

३)  ______ हौवाना ______ ..........

४)  ______ हिनहिनाना ______ ..........

५)  ______ मिमियाना ______ ..........

६)  ______ घुड़कना ______ ..........

७)  ______ रेंकना ______ .........

©KTBS Not to be republished

# पाठ - ७

## संतोष का रहस्य

**- संकलित**

**आशय : प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य यह है कि सुख और आनंद का आधार संपत्ति या आधुनिक वैज्ञानिक सुविधाएँ नहीं बल्कि सहयोग और सहकार की भावना है।**

राजू और संदीप आठवीं कक्षा में पढ़नेवाले सहपाठी थे। राजू नज़दीक के रामनगर गाँव से बेंगलूर की शाला में पढ़ने आता था। वह बहुत मेहनती और हँसमुख लड़का था। इसीलिए संदीप को वह बहुत पसंद था। राजू अक्सर संदीप को अपने घर भी ले जाता था।

गणेश चतुर्थी का त्योहार था, स्कूल में छुट्टी थी। राजू ने त्योहार मनाने के लिए संदीप को अपने घर बुलाया था। जब संदीप राजू के घर पहुँचा तो पूजा खत्म हो रही थी और सब मिल-जुलकर आरती गा रहे थे, जिसे सुनकर संदीप को बहुत अच्छा लगा। आरती के बाद वे सब लंबी कतार बनाकर खाने के लिए बैठे। केले के पत्ते पर स्वादिष्ठ व्यंजन परोसे जा रहे थे। राजू की माँ, काकी और भाभी परोस रही थीं। इतने सारे लोगों को देखकर संदीप ने राजू से पूछा,

संदीप - राजू, त्योहार के लिए पड़ोसियों को भी बुलाया है क्या?

राजू - अरे नहीं, सिर्फ अपने घर के ही लोग हैं।

संदीप (आश्चर्य से) - क्या ? इतने लोग एक ही घर में !

राजू - हाँ ! इसमें आश्चर्य की क्या बात है? हमारे गाँव में ज्यादातर घरों में इतने ही लोग रहते हैं।

संदीप - और तुम्हारे घर में नौकर कितने हैं?

राजू - नौकर की क्या जरूरत है? हम इतने लोग हैं न।

संदीप - क्या सचमुच !

© KTBS Not to be republished



तभी राजू की माँ ने आकर उन्हें टोका, ''राजू पहले अपने दोस्त को खाना खाने दो। बाद में बातें करना'' फिर प्यार से दोनों को परोसने लगी। उनकी बातें सुनकर संदीप गद्‌गद् हो गया और अपने परिवार को याद करने लगा, जहाँ वे सिर्फ चार लोग रहते थे। उसके पिता अभियंता थे और माँ एक महिला समाज की अध्यक्षा। छोटी बहन पाँचवीं कक्षा में पढ़ती थी। माता-पिता अपने-अपने काम में व्यस्त रहते थे। घर में तीन नौकर थे, जो रसोई बनाते और घर का अन्य काम-काज संभालते थे। घर के लोग सिर्फ रविवार को साथ मिलकर कुछ समय बिताते थे। उस दिन भी अक्सर कोई न कोई मेहमान आ जाया करते थे।

खाने के बाद वे दोनों दोस्त फिर बातें करने लगे।

राजू - तुम रात में किसके साथ सोते हो?

संदीप - अकेला, अपने कमरे में, और तुम?

©KTBS Not to be republished

राजू - मैं तो अपने दादा के साथ सोता हूँ, रात में वे अक्सर मुझे कोई न कोई कहानी सुनाते हैं।



संदीप - तुम्हारे यहाँ इतने लोगों का खाना कौन बनाता है?

राजू - माँ और काकी खाना बनाती हैं, मेरी दोनों भाभियाँ उनकी सहायता करती हैं और घर का अन्य काम भी करती हैं, हम सभी उनकी सहायता करते हैं।

संदीप -और तुम्हारे पिताजी, काका और भाई लोग क्या करते हैं?


राजू - पिताजी और काका खेतों में काम करते हैं। भाई लोग गाय-भैंसों की साना-पानी के साथ फूलों के बगीचों की देखभाल भी करते हैं। फूलों को बाज़ार में पहुँचाते हैं और उनकी बिक्री की व्यवस्था भी देखते हैं।

संदीप - क्या वे लोग पढ़े-लिखे हैं ?

राजू - क्यों नहीं, मेरे बड़े भाई ने तो कृषि विज्ञान और पशु-

© NCERT Not to be republished

पालन में डिग्री प्राप्त की है। वे उगाई-कटाई के लिए आधुनिक मशीन और तकनीकी का इस्तेमाल करते हैं। आओ, मैं तुम्हें हमारी डेयरी दिखाता हूँ।



संदीप को यह देखकर बहुत आश्चर्य हुआ कि उनके घर में गोबर गैस, सोलार ऊर्जा आदि का भी उचित प्रयोग किया जा रहा था। संदीप इन सबसे बहुत प्रभावित हुआ। यहाँ आकर उसने दो विषय सीखे - एक तो यह कि पढ़ाई के बाद शहर जाकर ही नौकरी ढूँढ़ने की ज़रूरत नहीं। अपनी शिक्षा का उपयोग अपने घरेलू कामों को आगे बढ़ाने में करना चाहिए। दूसरा यह कि मिल-जुलकर साथ रहने से एक ओर जहाँ खुशी मिलती है, वहीं दूसरी ओर अधिक उन्नति भी संभव है।

अपना घर लौटकर उसने अपने माता-पिता को ये सारी बातें सुनाईं और उन्होंने भी निश्चय किया कि अपने घर में भी सब मिलकर काम

© KTBS Not to be republished

करेंगे और खाना भी साथ-साथ खाएँगे। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी तय किया कि आगे चलकर वे भी हर त्योहार को अपने बंधु मित्रों के साथ मनाएँगे। संदीप के पिता ने कहा-हम अपनी रहन-सहन से साबित कर देंगे कि संतोष का रहस्य मिल-जुलकर रहने में ही है।

**शब्दार्थ :**

परोसना - खाना देना, गद्‌गद्‌ होना - आनंदित होना, देहाती - ग्रामीण, इस्तेमाल - प्रयोग, अभियंता - इंजिनियर

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) राजू और संदीप किस कक्षा में पढ़ते थे ?

२) संदीप के पिता क्या काम करते थे ?

३) संदीप को राजू क्यों पसंद आया ?

४) संदीप राजू के गाँव क्यों गया ?

**II. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१) राजू के घर में गणेश चतुर्थी का त्योहार कैसे मनाया गया?

२) राजू के भाई अपनी पढ़ाई का उपयोग घरेलू उद्‌योग में किस प्रकार करते थे ?

३) राजू के परिवार ने गाँव में किन-किन आधुनिक सुविधाओं का उपयोग किया था ?

४) संदीप के परिवार पर राजू के परिवार का असर किस तरह पड़ा ?

Not to be republished ©KTBS

**III. किसने किससे कहा ?**

१) "नौकर की क्या ज़रूरत है ? हम इतने लोग हैं न।"

२) "क्या ? इतने लोग एक ही घर में ?"

३) "क्या वे लोग पढ़े-लिखे हैं ?"

४) "आओ, मैं तुम्हें हमारी डेयरी दिखाता हूँ"

**IV. इन मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

१) दंग रह जाना = ....................

२) फूले न समाना = ....................

३) गद्गद् होना = ....................

**V. उदाहरण के अनुसार समानार्थक शब्द लिखिए :**

**उदा :** सूर्य  सूरज  रवि

१) भूमि .............. ..............

२) गणेश .............. ..............

३) महिला .............. ..............

४) वायु .............. ..............

**VI. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए :**

**उदा :** जिसका आकार न हो - निराकार ।

१) विद्यालय में पढ़ने वाला ....................

©KTBS Not to be republished

२) खेत में काम करने वाला ..................


३) माता के पिता ..................

४) स्वाद भरी ..................

५) जो पढ़ना लिखना नहीं जानता ..............

## भाषा - बोध

### संज्ञा के भेद




**व्यक्तिवाचक संज्ञा :** - बचेंद्रीपाल ने हिमालय की चोटी पर पहुँचकर तिरंगा फहराया।

यहाँ **बचेंद्रीपाल, हिमालय, तिरंगा** किसी विशेष व्यक्ति, स्थान तथा वस्तु के नाम हैं।

**किसी विशेष प्राणी, वस्तु या स्थान के नाम का बोध करानेवाले शब्दों को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।**

**कुछ और उदाहरण :** योगीश, बेंगलूरु, कावेरी, शेर, कुर्सी

**जातिवाचक संज्ञा :** - बच्चे बगीचे में खेल रहे हैं।

यहाँ **बच्चे** और **बगीचे** शब्द किसी विशेष प्राणी का बोध न कराकर संपूर्ण जाति का बोध करा रहे हैं क्योंकि ये किसी व्यक्ति या वस्तु विशेष के नाम न होकर पूरी जाति के नाम हैं।

**जिस संज्ञा शब्द से किसी प्राणी, वस्तु या स्थान की पूरी जाति का बोध हो, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।**

©KTBS Not to be republished

**कुछ और उदाहरण -** लड़का, लड़की, देश, गाँव, पहाड़, दिन, महीना, पशु, फल आदि।

**भाववाचक संज्ञा :** - बचपन में बच्चे शरारत करते हैं। उनकी सरल हँसी मन को मोह लेती है।

यहाँ **बचपन** और **हँसी** ये दोनों शब्द दशा और भाव को प्रकट कर रहे हैं।

**जो शब्द किसी के गुण, दोष, दशा, स्वभाव को प्रकट करते हैं, वे भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं।**

**कुछ और उदाहरण :** सच्चाई, ईमानदारी, वीरता, सफलता, जवानी, बुढ़ापा आदि।

**अब आपकी बारी :**

**१) दिए गए वाक्यों में से सही के आगे ✓ और गलत के आगे ✗ चिह्न लगाइए:**

क) सभी नाम संज्ञा नहीं होते हैं। ☐

ख) जातिवाचक संज्ञा पूरी जाति का बोध कराती है। ☐

ग) भाववाचक संज्ञा किसी भाव का बोध कराती है। ☐

घ) किसी विशेष नाम को जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। ☐

**२) दिए गए शब्दों में से जातिवाचक, व्यक्तिवाचक तथा भाववाचक संज्ञा शब्द छाँटकर अलग - अलग लिखिए :**

©KTBS Not to be republished

बच्चे,
छात्र, मोर,
बचपन, रमा, फल,
खुशी, शिक्षिका, सच्चाई,
रूस, अमरीका, पर्वत
मेहनत, लिखावट, यमुना,
झील, सोमवार,चढ़ाई

| **व्यक्तिवाचक** | **जातिवाचक** | **भाववाचक** |
|---|---|---|
| उदा : रमा | बच्चे | बचपन |
| ……………… | ……………… | ……………… |
| ……………… | ……………… | ……………… |
| ……………… | ……………… | ……………… |
| ……………… | ……………… | ……………… |
| ……………… | ……………… | ……………… |

**योग्यता विस्तार :**

- 'संयुक्त परिवार के लाभ' - इस विषय पर छः वाक्य लिखिए।
- गोबर गैस तथा सोलार ऊर्जा के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कीजिए।

©KTBS Not to be republished

## पाठ - ८


# बढ़े चलो

- श्री द्‌वारिकाप्रसाद माहेश्वरी

**आशय : प्रस्तुत कविता में कवि ने पक्के इरादे के साथ आगे बढ़ने की बात कही है। सतत प्रयत्न से मुश्किलें भी आसान हो जाती हैं।**

वीर, तुम बढ़े चलो।
धीर, तुम बढ़े चलो।।

हाथ में ध्वज रहे,
बाल-दल सजा रहे,
ध्वज कभी झुके नहीं,
दल कभी रुके नहीं।



वीर, तुम बढ़े चलो।
धीर, तुम बढ़े चलो।।

सामने पहाड़ हो
सिंह की दहाड़ हो,
तुम निडर, हटो नहीं,
तुम निडर, डटो वहीं।

©KTBS Not to be republished

वीर, तुम बढ़े चलो।
धीर, तुम बढ़े चलो।।

मेघ गरजते रहें,
मेघ बरसते रहें,
बिजलियाँ कड़क उठें,
बिजलियाँ तड़क उठें,

वीर, तुम बढ़े चलो।
धीर, तुम बढ़े चलो।।

प्रातः हो कि रात हो,
संग हो न साथ हो,
सूर्य से बढ़े चलो,
चंद्र से बढ़े चलो।

वीर, तुम बढ़े चलो।
धीर, तुम बढ़े चलो।।

## कवि परिचय

श्री द्वारिकाप्रसाद माहेश्वरी का जन्म दिसम्बर सन् 1916 को हुआ था। आप हिंदी के प्रसिद्ध बाल गीत रचनाकार हैं।

आप के 6 कविता संग्रह, दो खंड़ काव्य, 26 बाल साहित्य की पुस्तकें, 3 कथा संग्रह, 5 पुस्तकें नव साक्षरों के लिए, 3 शिक्षा पुस्तकें और ग्रंथावली (3 भागों में) अब तक प्रकाशित हैं।

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

वीर - बहादुर, धीर - धैर्यशाली, ध्वज - झंडा, निडर - निर्भय, डटना - स्थिर रहना, प्रातः - सुबह

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) मेघ क्या-क्या करते हैं ?

२) वीरों को किस के समान बढ़ना चाहिए ?

३) वीरों के हाथ में क्या रहे ?

**II. विस्तार से लिखिए :**

१) वीर हाथ में ध्वज लिए क्या-क्या करता है ?

**III. नमूने के अनुसार शब्द और अर्थ का सही मिलान कीजिए :**

| | 'अ' | 'ब' |
|---|---|---|
| **नमूना :** | निड़र → निर्भय | सूरज |
| १) | ध्वज | पर्वत |
| २) | सूर्य | चाँद |
| ३) | चंद्र | झंड़ा |
| ४) | मेघ | निर्भय |
| ५) | पहाड़ | बादल |

**IV. सोचकर लिखिए :**


१) आपके विचार में देश को और मजबूत कैसे किया जा सकता है ?

२) तिरंगे झंडे में कौन-कौन से रंग हैं ? ये रंग किसके प्रतीक हैं ?

©KTBS Not to be republished

**V. सोचिए, सही शब्द चुनिए, चित्रों के आगे लिखिए :**

(राष्ट्रध्वज, राष्ट्रप्राणी, राष्ट्रपक्षी, राष्ट्रलांछन, राष्ट्रपुष्प, राष्ट्रवृक्ष, अशोक चक्र)

१)  ..................................

२)  ..................................

३)  ..................................

४)  ..................................

५)  ..................................

६)  ..................................

७)  ..................................

© KTBS
Not to be republished

**VI. कविता को कंठस्थ करके सुंदर अक्षरों में लिखिए :**

**बन गया वाक्य**

**VII. नमूने के अनुसार अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

**नमूना :** ध्वज : राष्ट्रध्वज में तीन रंग हैं।

१) वीर : ..........................................................

२) धीर : ..........................................................

३) निडर : ..........................................................

४) प्रातः : ..........................................................

५) संग : ..........................................................

**VIII. तुकांत शब्दों को कविता से ढूँढ़कर लिखिए :**

**उदा : झुके - रुके**

१) पहाड़ - ____________

२) हटो - ____________

३) गरजते - ____________

४) कड़क - ____________

५) रात - ____________

**योग्यता विस्तार :**

- अपने विद्यालय में राष्ट्रीय त्योहार के अवसर पर प्रस्तुत कविता को लय-ताल के साथ गाइए।
- देशप्रेम की भावनाओं को प्रेरित करनेवाली कविताओं का संग्रह कीजिए।

©KTBS Not to be republished

## पाठ - ९

# रास्ते का पत्थर

**- संकलित**

**आशय : प्रस्तुत पाठ से बच्चों को यह सीख मिलती है कि अपना काम स्वयं करनेवाला व्यक्ति ही आगे बढ़कर जीवन में सफल होता है।**

एक नगर में एक राजा रहता था। वह अपनी प्रजा से बहुत प्यार करता था। उसका ध्यान सदा प्रजा की भलाई में रहता था।

एक दिन राजा वेश बदलकर भ्रमण करने निकला। सहसा उसे ठोकर लगी। उसने देखा कि रास्ते में एक भारी पत्थर पड़ा है। कई लोग उसी रास्ते से आ-जा रहे हैं।

राजा ने सोचा-पता नहीं यह पत्थर कितने दिनों से यहाँ पड़ा है। देखता हूँ, इसे यहाँ से कौन हटाता है।

यह सोचकर राजा पास ही एक पेड़ के पीछे छिप गया। थोड़ी देर में राजा को एक किसान दिखाई दिया। वह अपने हल-बैल लेकर उसी रास्ते पर आ रहा था। किसान ने पत्थर को देखा और मुँह सिकोड़कर पत्थर के बगल से निकल गया।

किसान के जाने के बाद एक ग्वाला डिब्बे में दूध लेकर उधर से निकला। वह सॉइकिल पर आ रहा था। उसे पत्थर नहीं दिखाई दिया। उसे पत्थर की ठोकर लगी और डिब्बे सहित नीचे गिर पड़ा। उसका सारा दूध बह गया और घुटने में चोट भी लग गई। वह बड़ी कठिनाई से उठा और बड़बड़ाता हुआ बोला - ''रास्ते में इतना बड़ा पत्थर पड़ा है और उसे कोई हटाता नहीं। मेरा इतना दूध गिर गया, अब मैं ग्राहकों को क्या दूँगा ?''

Not to be republished ©KTBS



ग्वाला साइकिल पर बैठकर आगे निकल गया। उसने भी पत्थर नहीं हटाया।

तभी राजा को घोड़े की टाप सुनाई दी। राजा ने देखा-घोड़े पर एक सिपाही बैठा है। वह मस्ती से गा रहा है। अचानक घोड़े को पत्थर से ठोकर लगी। घोड़ा पीछे हटा। सिपाही गिरते-गिरते बचा। उसने पत्थर को देखा और ऊँचे स्वर में चिल्लाया - ''मैं कई दिनों से इस पत्थर को यहाँ पड़ा हुआ देख रहा हूँ, पर कोई इसे हटाता नहीं। यहाँ के लोग बहुत आलसी हैं।''

सिपाही ने अपना घोड़ा आगे बढ़ाया और दूर निकल गया।

कुछ ही देर बाद एक बूढ़ा आदमी अपने सिर पर फलों की टोकरी लिए आया और पत्थर से ठोकर खाकर गिर पड़ा। उसके सारे फल रास्ते में बिखर गए। तभी एक बालक दौड़ता हुआ आया और बूढ़े को उठाते हुए बोला - ''बाबा, कहीं चोट तो नहीं लगी ?''

''नहीं बेटा, पर मेरे फल ............'' बूढ़े ने कहा।

''आप यहीं रुकिए, मैं अभी फल उठाकर टोकरी में रख देता हूँ'' - बालक ने कहा।

©KTBS Not to be republished

उसने फल उठाकर वृद्ध की टोकरी में रख दिए। बालक को आशीर्वाद देते हुए वृद्ध चला गया। बालक ने इधर-उधर देखा और फिर रास्ते से पत्थर हटाने लगा। पत्थर थोड़ा सा हिला और फिर अपनी जगह आ गया। बालक ने फिर प्रयत्न किया, पर पत्थर नहीं हिला। उसने इधर-उधर देखा और फिर पत्थर को हटाने का प्रयत्न किया । अचानक पत्थर हिला।



बालक ने जब सिर उठाया तो देखा कि एक व्यक्ति उसकी सहायता कर रहा है। दोनों ने मिलकर पूरी शक्ति लगाई और पत्थर को रास्ते से हटाकर एक ओर कर दिया।

उस व्यक्ति ने पूछा - ''बेटा, तुम कौन हो?''

लड़के ने कहा - ''मैं शंकर हूँ, इसी गाँव में रहता हूँ।''

दूसरे दिन शंकर पाठशाला पहुँचा। उसके प्रधानाचार्य ने सभी विद्‌यार्थियों के सामने उसकी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि शंकर को राजा ने पुरस्कार दिया है।

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थ :**

सहसा - अचानक, कठिनाई - मुश्किल, स्वर - आवाज़, शक्ति - ताकत, प्रशंसा - तारीफ़, भ्रमण - सैर, ग्राहक - खरीदनेवाला, टाप - घोड़े के पैरों की आवाज़, प्रयत्न - कोशिश

## अभ्यास

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

१) राजा पेड़ के पीछे क्यों छिप गया ?

२) ग्वाले ने पत्थर देखकर क्या किया ?

३) सिपाही ने पत्थर देखकर क्या कहा ?

४) वृद्ध की सहायता किसने की ?

५) पत्थर को रास्ते से किसने हटाया ?

**II. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

१) ग्वाला ............. पर आ रहा था।

२) घोड़े को ............. से ठोकर लगी।

३) बालक बूढ़े को उठाते हुए बोला - ''बाबा, ............. तो नहीं लगी ?

४) प्रधानाचार्य ने ............. की प्रशंसा की।

©KTBS Not to be republished

## III. दोनों खंड़ों को जोड़कर वाक्य बनाइए :

| खंड - 'अ' | खंड - 'ब' |
|---|---|
| १) उसने देखा कि रास्ते में | बैठकर आगे निकल गया। |
| २) थोड़ी देर में राजा को | पत्थर से ठोकर लगी। |
| ३) ग्वाला सॉइकिल पर | देते हुए वृद्ध चला गया। |
| ४) अचानक घोड़े को | एक किसान दिखाई दिया। |
| ५) बालक को आशीर्वाद | एक भारी पत्थर पड़ा है। |

## IV. उदाहरण के अनुसार विलोम शब्द लिखिए :

**उदा :** भलाई × बुराई

१) ऊँचा × ............     ३) इधर × .............

२) गिरना × ............     ४) अपना × ............

## V. उदाहरण के अनुसार बहुवचन रूप लिखिए :

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| **उदा:** डिब्बा - | डिब्बे |
| १) रास्ता | |
| २) घोड़ा | |
| ३) घुटना | |
| ४) बूढ़ा | |
| ५) ग्वाला | |

© KTBS Not to be republished

**VI. नमूने के अनुसार लिखिए :**

**नमूना :** भला - भलाई

१) चतुर - .................

२) कठिन - .................

३) गहरा - .................

४) ऊँचा - .................

**VII. संयुक्ताक्षर जानिए : दो - दो शब्द लिखिए :**

१) त् + थ = त्थ - पत्थर, ..........., ...........

२) ग् + व = ग्व - ग्वाला, ..........., ...........

३) ब् + ब = ब्ब - डिब्बा, ..........., ...........

४) स् + व = स्व - स्वर, ..........., ...........

५) क् + त = क्त - व्यक्ति, ..........., ...........

VIII. **शब्दों में रंग भरकर पढ़िए :**

# अपना काम स्वयं करो

**योग्यता विस्तार :**

- इस कहानी का नाटक रूपांतर कर कक्षा में अभिनय कीजिए ।


©KTBS Not to be republished

# पाठ - १०

## मेरी ललक- उसकी चमक

- श्रीमती कांता रानी मंजूषा

**आशय : प्रस्तुत पाठ द्वारा बच्चों को संदेश मिलता है कि खेलों को स्पर्धात्मक भावना से खेलना चाहिए न कि ईर्ष्या की भावना से। कक्षा में छात्रों को एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहना चाहिए।**



©KTBS Not to be republished

सुश्रुत! सुश्रुत!! सुश्रुत!!!

मैं कितनी कोशिश कर रहा था कि मैं सुश्रुत से अपना ध्यान हटा लूँ, पर मुझे बार-बार वही याद आ रहा था। मेरा ध्यान कल उसके लिए बजाई गई तालियों की ओर ही जा रहा था। कल का दिन मेरे लिए कितना बुरा था और सुश्रुत के लिए कितना अच्छा! कल विद्यालय का क्रीड़ा-दिवस था। मैं सौ मीटर की दौड़ में सुश्रुत को हराना चाहता था। कितना अभ्यास किया था मैंने। पी.ई. सर के हर आदेश का पालन किया था, फिर भी ऐसा क्यों हुआ? सौ मीटर की दौड़ के वे पल मेरे लिए इतने मनहूस क्यों बन गए? दौड़ समाप्त

होने के कुछ ही क्षण पहले सुश्रुत को हराने की ललक से मैंने पीछे पलटकर देखना चाहा कि सुश्रुत कितना पीछे है। सिर घुमाया तो देखा सुश्रुत बस एक कदम ही पीछे था। मेरा सिर घुमाना और... सुश्रुत का.... मुझे पार करके... आगे निकल जाना... बस एक पल में सब कुछ हो गया था।

''सर, मैं कितना तेज़ दौड़ा था, पर फिर भी हार गया। ऐसा क्यों हुआ सर?'' मैंने आक्रोश और निराशा से भरकर पी.ई. सर से पूछा था।

''तुम्हारे हारने का सिर्फ एक ही कारण है मनीष, तुम्हारा लक्ष्य दौड़ जीतना नहीं, सुश्रुत को हराना था।''

पी.ई. सर की बात मेरी समझ में नहीं आई। हाँ, मैं सुश्रुत को हराना ही तो चाहता था। मैं इसी साल इस आवासीय विद्यालय की कक्षा पाँचवीं में भर्ती हुआ हूँ। मैं पढ़ने में बहुत अच्छा नहीं हूँ। जैसे-तैसे सभी विषयों में पास हो जाता हूँ। शुरुआती दिनों में जब मैंने सुश्रुत को कक्षा की लघु परीक्षाओं में सबसे अधिक अंक पाते देखा तो सोचा कहीं से नकल मारता होगा, पर कक्षा के दूसरे लड़कों से लगातार उसकी तारीफ़ सुनी कि सुश्रुत सिर्फ पढ़ने में ही नहीं, बल्कि खेलने में, ड्राइंग में, गाने में, हर बात में बहुत होशियार है। सभी शिक्षक हमेशा उसकी तारीफ करते रहते हैं तो अंदर ही अंदर मैं सुश्रुत को नापसंद करने लगा।

मुझे हमेशा लगता कि मैं सुश्रुत को किसी जगह कम या खुद को कहीं उससे अच्छा साबित करूँ।

कल की दौड़-स्पर्धा मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण बन गई थी। दौड़ने में अच्छा होने के कारण मैं यहाँ सुश्रुत को हरा सकता था। मुझे अपने

©KTBS Not to be republished


अभ्यास पर भी बड़ा विश्वास था, पर उस समय सुश्रुत को पलटकर देखना मेरी सारी उम्मीदों पर पानी फेर गया। अब मैं हार गया हूँ, सिर्फ दौड़ में ही नहीं बल्कि अपने को सुश्रुत से बेहतर दिखाने की हर कोशिश में हार गया हूँ।

एक दिन गणित की कक्षा चल रही थी। मैं हमेशा की तरह किताब में आड़ी-तिरछी रेखाएँ खींचता हुआ पढ़ने का नाटक कर रहा था।

''मनीष'' बीना मैडम की आवाज़ ने मुझे चौंका दिया।

''यस मैडम'' मैं खड़ा हो गया।

''चलो, इधर आकर यह सवाल करो।'' उन्होंने बोर्ड पर लिखा हुआ सवाल दिखाते हुए मुझसे कहा।




मैं बुरी तरह से फँस गया था। धीरे-धीरे चलते हुए मैं बोर्ड के पास गया। सब मेरी ओर देख रहे थे, सुश्रुत भी। कभी सीखा होता

©KTBS Not to be republished

तो करता! मुझे तो बिलकुल नहीं आ रहा था। मैं बोर्ड के पास चुपचाप सिर झुकाकर खड़ा रहा। सुश्रुत एक टक मेरी ओर देख रहा था। मैडम ने गुस्से से मुझे डाँटा और कहा - ''इतना आसान सवाल नहीं कर सकते? कल मैं फिर पूछूँगी। नहीं किया तो सीधे प्रिंसिपल के पास ले जाऊँगी, समझे?''

इतने में घंटी बजी। बीना मैडम गुस्से में चली गईं। मैं अपनी सीट पर आकर बैठ गया। कक्षा के सब लड़के हँस रहे थे। सुश्रुत अब भी मेरी ओर देख रहा था।शाम को जब सब लोग पढ़ रहे थे तब सुश्रुत ने मुझ से पूछा, ''इतना आसान सवाल क्यों नहीं किया?''


''आसान ? तुम्हारे लिए होगा। मेरे लिए तो कठिन ही था''। मैं ने बेरुखी से जवाब दिया।

''नहीं मनीष, वह सवाल आसान ही था। देखो ऐसे करते हैं।''

मैं सीखना नहीं चाहता था, पर मैडम की चेतावनी याद आई तो मज़बूरी में सीखने लगा। सुश्रुत मुझे समझाते हुए सवाल करता जा रहा था। फिर उसने मुझसे कहा कि मैं वैसे ही उसे समझाते हुए करूँ। मैं कहीं गलत करता तो वह मुझे ठीक करता। वह मेरा गुरु भी बना और शिष्य भी। बीना मैडम तैयार थीं,सवालों के साथ। पर आज मैं भी तैयार था, अपने हलों के साथ। मुझे सवाल हल करते देख बीना मैडम की आँखों में प्रशंसा थी। कक्षा के दूसरे लड़कों की आँखों में आश्चर्य भरी निराशा और सुश्रुत की आँखों में एक अनोखी चमक !

वार्षिक परीक्षा पास आयी थी। इस बार सुश्रुत ने मुझे नहीं छोड़ा। वह अपने साथ मुझे भी पढ़ने बिठा लेता। मेरा कोई भी बहाना नहीं चलता। पढ़ते समय आई मेरी हर कठिनाई को दूर करने के लिए वह हमेशा तैयार रहता। बार-बार मैं उसे बाधा पहुँचाऊँ, यह मुझे भी अच्छा नहीं लगता था।

©KTBS Not to be republished



जब परिणाम बताए गए तो मैं कक्षा में पाँचवें स्थान पर था। पूरी कक्षा ने मेरे लिए तालियाँ बजाईं। सुश्रुत की आँखों में मुझे बहुत प्यारी लगने वाली वही चमक थी। उन्हीं तालियों की आवाज में मैंने सुना, सुश्रुत फिर से अपने प्रथम स्थान पर है। इस बार कक्षा में सुश्रुत के लिए तालियाँ बजाने के लिए मेरे हाथ भी उठ गए।

अपने दोस्त के अभिवादन में।

अपने दोस्त के प्रति कृतज्ञता में।

अपने दोस्त को बधाई देते हुए !

**लेखिका परिचय :**

श्रीमती कांता रानी मंजूषा हिंदी में शिक्षाप्रद कहानी रचने में प्रसिद्ध हैं। प्रस्तुत कहानी चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित 'गड बड़ झाला और अन्य कहानियाँ' नामक पुरस्कृत बाल-साहित्य से ली गयी है।

Not to be republished ©KTBS

**शब्दार्थ :**

कोशिश - प्रयत्न, मनहूस - अशुभ, ललक - इच्छा, तारीफ़ - प्रशंसा, आवासीय - ठहरने की जगहवाला, निवासीय; होशियार - चालाक, चेतावनी देना - सावधान करना, अनोखी - अनुपम, आखिरी - अंतिम

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) विद्यालय का क्रीड़ा दिवस किसके लिए बुरा था ?

२) किस खेल में सुश्रुत की जीत हुई ?

३) कक्षा के अन्य लड़के किसकी तारीफ़ करते थे ?

४) बीना मैडम कौन-सा विषय पढ़ाती थी ?

५) गणित की कक्षा में मनीष क्या कर रहा था ?

६) मनीष को परीक्षा में कौन-सा स्थान मिला ?

**II. इन प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :**

१) मनीष सुश्रुत से क्यों जलता था ?

२) पी. ई. सर के विचार में मनीष की हार का कारण क्या था ?

३) पढ़ने के अलावा सुश्रुत और किन-किन विषयों में होशियार था ?

४) सुश्रुत ने मनीष को गणित के सवालों को हल करने का अभ्यास किस प्रकार कराया ?

Not to be republished ©KTBS

**III. इन शब्दों के लिए विलोम शब्द लिखिए :**

१) दिन × .............. ५) नापसंद × ..............

२) हार × .............. ६) सवाल × ..............

३) पीछे × .............. ७) उपयोग × ..............

४) शुरुआत × .............. ८) तेज × ..............

**IV. इन शब्दों के लिए अन्य वचन लिखिए :**

१) आँख - .............. १) रेखा - ..............

२) घंटी - .............. ६) याद - ..............

३) किताब - .............. ७) कदम - ..............

४) कक्षा - .............. ८) दिन - ..............

**V. दौड़-स्पर्धा एक मैदानी खेल है। अब आप अन्य कुछ मैदानी खेलों की सूची बनाइए ।**

**VI. खेलों को छाँटकर लिखिए :**

वॉलिबाल, तैरना, दौड़ना, क्रिकेट, बिलियर्ईस, फुटबॉल, कबड्डी, एयरोबिक्स, छलांग मारना, हॉकी.

| व्यक्तिगत खेल | सामूहिक खेल |
|---|---|
| | |

©KTBS Not to be republished

**VII. उदाहरण के अनुसार लिखिए : (विश्वप्रसिद्ध - भारतीय)**

**उदा :** शतरंज - विश्वनाथन आनंद

१. दौड़ाक - ____________________

२. तैराक - ____________________

३. हॉकी - ____________________

४. बिलियर्ड्स - ____________________

५. शूटिंग - ____________________

६. बॉक्सिंग - ____________________

©KTBS Not to be republished

## भाषा-बोध

**सर्वनाम :**

विभा पाँचवीं कक्षा में पढ़ती है। उसके पिता डॉक्टर और माता अध्यापिका हैं। वे उसे बहुत प्यार करते हैं। वह एक मेधावी छात्रा है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी उसकी रुचि है।

यहाँ **उसे, वह, उसकी** आदि शब्द विभा के लिए आए हैं तथा वे शब्द विभा के पिता और माता के लिए प्रयुक्त हैं। ये सभी सर्वनाम शब्द हैं और संज्ञा की जगह पर आए हैं।

**संज्ञा के स्थान पर आनेवाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।**

सर्वनाम शब्द स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दोनों में समान रहते हैं। क्रिया से उनके स्त्री या पुरुष होने का पता चलता है। जैसे -

मैं खेल रहा हूँ।    मैं खेल रही हूँ।

सर्वनाम शब्दों के भी एकवचन तथा बहुवचन रूप होते हैं। **जैसे -**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एकवचन | मैं | वह | तू | यह | उसे | इसे |
| बहुवचन | हम | वे | तुम | ये | उन्हें | इन्हें |

**सर्वनाम के भेद**

↓

↓ पुरुषवाचक ↓ अनिश्चयवाचक ↓ निश्चयवाचक ↓ प्रश्नवाचक ↓ संबंधवाचक ↓ निजवाचक

**सर्वनाम छः प्रकार के होते हैं। ये हैं -**

भेद उदाहरण

१) पुरुषवाचक → मैं, हम, तुम, आप, यह, वह, ये, वे।

२) निश्चयवाचक → यह, वह आदि।

३) अनिश्चयवाचक → कुछ, कोई, किन्हीं, किसी आदि।

४) प्रश्नवाचक → कहाँ, कौन, क्या आदि।

५) संबंधवाचक → जिसकी-उसकी, जैसा-वैसा, जो-सो आदि।

६) निजवाचक → अपना, खुद, स्वयं, अपने-आप आदि।

**अब आपकी बारी :**

**I. कोष्ठक में से सही सर्वनाम शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए :**

क) .......... कौन-सी पुस्तक पढ़ रही हो ? (मैं, तुम)

ख) वह बालक ............ पुत्र है? (किसका, किसकी)

ग) ............ पटना में रहती हूँ। (वह, मैं)

घ) ............ सब भारतीय हैं। (तुम, हम)

ङ) ............ खेल रहे हैं। (वे, वह)

©KTBS Not to be republished

**II. सर्वनाम शब्द छाँटकर उसके भेद लिखिए :**

उदा : क) मैं लखनऊ जाऊँगा। मैं पुरुषवाचक सर्वनाम

ख) दूध में कुछ पड़ गया है। .......... ..............

ग) तुम क्या कर रही हो ? .......... ..............

घ) वह माला का घर है। .......... ..............

ङ) विनय कमरे की सफ़ाई खुद करेगा । ......... ..............

**III. दिए गए सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए :**

क) मैं - ........................................

ख) तुम - ........................................

ग) वे - ........................................

घ) अपने - आप - ........................................

**योग्यता विस्तार :**

- राज्य तथा राष्ट्र स्तर पर खिलाड़ियों को दिये जानेवाले पुरस्कारों की जानकारी प्राप्त कीजिए।
- 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क होता है'-इसकी चर्चा कक्षा में कीजिए।

©KTBS Not to be republished

पाठ - ११

# कदंब का पेड़

- श्रीमती सुभद्राकुमारी चौहान

**आशय : प्रस्तुत कविता में बालक के प्रति माँ की ममता का सुंदर एवं सजीव चित्रण किया गया है और बच्चों के शरारती स्वभाव पर भी प्रकाश डाला गया है।**



यह कदंब का पेड़ अगर माँ, होता यमुना-तीरे,
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे।
ले देती यदि मुझे बाँसुरी तुम दो पैसे वाली,
किसी तरह नीचे हो जाती यह कदंब की ड़ाली।
तुम्हें नहीं कुछ कहता पर मैं चुपके-चुपके आता,
उस नीची डाली से अम्मा, ऊँचे पर चढ़ जाता।
वहीं बैठ फिर बड़े मजे से मैं बाँसुरी बजाता,
अम्मा-अम्मा कह बंसी के स्वर में तुम्हें बुलाता।

सुन मेरी बंसी को माँ तुम इतनी खुश हो जाती,
मुझे देखने काम छोड़कर, बाहर तक तुम आती।
तुमको आता देख बाँसुरी रख मैं चुप हो जाता,
पत्तों में छिपकर धीरे-से फिर बाँसुरी बजाता।

©KTBS Not to be republished

गुस्सा होकर मुझे डाँटती, कहती - नीचे आ जा,
पर जब मैं न उतरता हँसकर कहती - मुन्ना राजा!
नीचे उतरो मेरे भैया! तुम्हें मिठाई दूँगी,
नए खिलौने, माखन-मिसरी, दूध-मलाई दूँगी।

मैं हँसकर सबसे ऊपर की टहनी पर चढ़ जाता,
एक बार कह (माँ) पत्तों में वहीं छुप जाता।
बहुत बुलाने पर भी माँ, जब मैं न उतरकर आता,
तब माँ, माँ का हृदय तुम्हारा बहुत विकल हो जाता।

तुम आँचल पसारकर अम्मा, वहीं पेड़ के नीचे,
ईश्वर से कुछ विनती करती, बैठी आँखें मीचे।
तुम्हें ध्यान में लगा देख मैं धीरे - धीरे आता,
और तुम्हारे फैले आँचल के नीचे छिप जाता।



©KTBS Not to be republished

तुम घबराकर आँख खोलती फिर भी खुश हो जाती,
जब अपने मुन्ना राजा को गोदी में ही पाती।
इसी तरह कुछ खेला करते हम-तुम धीरे-धीरे,
माँ, कदंब का पेड़ अगर यह होता यमुना-तीरे।

**कवयित्री का परिचय :**



आधुनिक हिंदी काव्य में राष्ट्रीय चेतना की जानी-मानी कवयित्री श्रीमती सुभद्राकुमारी चौहान का जन्म सन् १९०४ ई. में इलाहाबाद जिले के निहालपुर गाँव में हुआ। इलाहाबाद में सन् १९२१ के असहयोग आंदोलन के प्रभाव में आकर इन्होंने अध्ययन को बीच में ही छोड़ दिया और सक्रिय राजनीति में भाग लेना शुरू कर दिया। इन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। विवाह के बाद वे जबलपुर गईं। सन् १९४८ में एक मोटर दुर्घटना में इनका स्वर्गवास हुआ। सुभद्राकुमारी जी राष्ट्रीय चेतना की कवयित्री थी और इनकी भाषा सीधी, सरल तथा स्पष्ट एवं आड़ंबरहीन खड़ीबोली है। इनकी प्रमुख रचनाएँ : काव्य संग्रह-'मुकुल' और 'त्रिधारा' कहानी संकलन - 'सीधे-सादे चित्र', 'बिखरे मोती', 'उन्मादिनी' आदि हैं।

**शब्दार्थ :**

कन्हैया - कृष्ण, तीर - तट, किनारा; विकल - व्याकुल, बेचैन, दुःखी; विनती - प्रार्थना, आँखें मीचे - आँखें बंद करके, माखन - मक्खन

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

१) बच्चे को पेड़ से नीचे उतारने के लिए माँ उसे क्या लालच दिखाती है?

२) बच्चे के दिखाई न देने पर माँ उसे डाँटती है या 'मुन्ना राजा' कहकर पुकारती है?

३) माँ को ध्यान में लगा देखकर बच्चा क्या करता है?

४) इस कविता की कवयित्री कौन हैं?

**II. निम्नलिखित पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :**

सुन मेरी बंसी को माँ तुम .................. जाती,
मुझे देखने काम छोड़कर, बाहर तक तुम ..................।
.............. बाँसुरी रख ....................,
पत्तों में .................... फ़िर बाँसुरी बजाता।

**III. तुकांत शब्दों को लिखिए :**

१) तीरे ................ ४) आता ................

२) नीचे ................ ५) बजाता .............

३) जाती ................

**IV. अर्थ लिखकर, वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

तीरे - ......... ..............................................
.................................................................
अम्मा- ......... ..............................................

©KTBS Not to be republished

..................................................................................

माखन- .........   ..................................................

..................................................................................

स्वर - .........   ..................................................

..................................................................................

V. **कई बार अर्थ को स्पष्ट करने के लिए एक वस्तु की तुलना अन्य वस्तु से की जाती है।**

**उदा :** राजकुमारी का मुख चंद्रमा के समान सुंदर है। इसी तरह दिए हुए शब्दों में से ठीक शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए। (अमृत, फूल, रेशम, चीता, तवा, ताड़, पत्थर, हरिश्चंद्र, मोती, बरफ़)

१) उसके बाल ................ जैसे मुलायम हैं।

२) गंगाजल ................ के समान मीठा है।

३) वह ................ के समान लंबा है।

४) वह ................ जैसा सत्यवादी है।

५) सुहास ................ जैसा फुरतीला है।

६) वह बालक ................ सा कोमल है।

७) उसका हृदय ................ के समान कठोर है।

८) उसके दाँत ................ की तरह चमकते हैं।

९) अरे ! इसके हाथ तो ................ जैसे ठंडे हैं।

१०) गरमियों में ज़मीन .............के समान गरम हो उठती है।

©KTBS Not to be republished

VI. **कविता के सबसे मुख्य भाव पर ✓ लगाइए :**

१) बालक की शरारत

२) खेल के प्रति प्यार

३) माँ का बेटे से प्यार

(तीनों उत्तर सही हैं पर आपको कौन-सा सबसे सही लगता है, उसी को कोष्ठक में लिखिए।)


## भाषा - बोध


**कारक :**

शब्दों को एक साथ लिखने तथा बोलने से वाक्य नहीं बनते।

**उदा :** पेड़ फल लगे हैं या पेड़ फल गिरा। इस शब्द समूह से पता नहीं चलता कि क्या कहा जा रहा है। इन्हें हम ऐसे कहेंगे -

पेड़ **पर** फल लगे हैं। पेड़ **से** फल गिरा।





©KTBS Not to be republished

यहाँ पेड़ के साथ 'पर' और 'से' लगे हुए हैं जिनसे वाक्यों के अर्थ स्पष्ट हो गये हैं। 'पर' और 'से' शब्द कारक चिह्न हैं क्योंकि ये संज्ञा को क्रिया से जोड़ते हैं।

**वाक्यों में संज्ञा तथा सर्वनाम शब्दों का क्रिया के साथ संबंध बतानेवाले शब्द रूप कारक कहलाते हैं। कारक के चिह्न को विभक्ति या 'परसर्ग' कहते हैं।**

**कारक के भेद :**

**कारक आठ होते हैं। इनके चिह्न इस प्रकार हैं :**

| | **कारक** | **चिह्न** |
|---|---|---|
| १. | कर्ता | ने |
| २. | कर्म | को |
| ३. | करण | से, द्वारा |
| ४. | संप्रदान | को, के लिए |
| ५. | अपादान | से |
| ६. | संबंध | का, के, की |
| ७. | अधिकरण | में, पर |
| ८. | संबोधन | हे, अरे |

©KTBS Not to be republished

**अब आपकी बारी :**

१) **इन पंक्तियों में कारक चिह्नों को रेखांकित कीजिए। फिर उन्हें अलग से लिखिए :**

यह कदंब का पेड़ अगर माँ, होता यमुना तीरे
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया बनता धीरे-धीरे।
ले देतीं यदि मुझे बाँसुरी तुम दो पैसे वाली,
किसी तरह नीचे हो जाती यह कदंब की डाली।

२) **इस पूरी कविता में कल्पना की गई है कि 'ऐसा हो जाता तो वैसा होता!'**
**आप भी ऐसे पाँच वाक्य बनाइए जिनका ऐसा ही अर्थ निकले। उदाहरण के लिए - अगर मैं परिश्रम करती, तो कक्षा में प्रथम आ जाती।**

**अनुमान तथा कल्पना :**

कविता में बालक के प्रति माँ की ममता चित्रित है। आपने गौर किया होगा कि मनुष्य, पशु, पक्षी इन सभी जातियों में माँ अपने बच्चों का पूरा-पूरा ध्यान रखती है। प्रकृति की इस अद्भुत देन का अवलोकन कर अपने शब्दों में लिखिए।

**योग्यता विस्तार :**

- एक सुंदर-सा कदंब के पेड़ का चित्र बनाएँ, जिसमें फल भी लगे हों। फिर उसमें माँ और बच्चे का चित्र बनाकर इस कविता का जो पद आपको अच्छा लगता हो, उसे लिखिए।
- श्री कृष्ण के बचपन की घटनाओं को अपने बड़ों से जानकर लिखिए।
- कविता में वर्णित घटना को ध्यान में रखकर सोचिए कि आजकल बालक अपनी माँ के साथ कैसे खेलते हैं ?

Not to be republished ©KTBS

## पाठ - १२

# श्रेष्ठ कौन ?

- श्रीमती पूजा सिंघवी

**आशय : उपनिषद पर आधारित प्रस्तुत कथा द्वारा बालकों को यह शिक्षा मिलती है कि संसार में कोई भी परिपूर्ण नहीं होता। सभी का अपना-अपना महत्व होता है। अहंकार की भावना ठीक नहीं। मिल-जुलकर रहने में ही सबका हित होता है।**

शरीर निष्क्रिय पड़ा था। इन्द्रियों को भी कुछ काम-काज नहीं था। प्राण और मन भी बैठे आराम कर रहे थे। ऐसे में समय बिताने के लिए वाणी, चक्षु और श्रवण में गप्प-गोष्ठी होने लगी। प्राण और मन भी दूर बैठे-बैठे बातें सुनने लगे।



बात ही बात में बात बढ़ गई।

वाणी ने चक्षु से कहा, 'मैं तुझसे श्रेष्ठ हूँ।'

चक्षु ने कहा, 'जा, जा ! बड़ी श्रेष्ठ बनने वाली आई। श्रेष्ठ तो मैं हूँ !' श्रवण ने कहा, 'अरे! आप दोनों व्यर्थ झगड़ रहे हैं। मैं न होऊँ तो आपको एक दूसरे की बात भी न सुनाई पड़े। इसीलिए आप दोनों से श्रेष्ठ तो मैं हूँ।' दूर बैठे मन ने कहा, 'तुम लोग व्यर्थ ही झगड़ते हो! तुम सब तो साधन मात्र हो। वास्तव में सबसे श्रेष्ठ तो मैं हूँ।'



प्राण ने मन को टोकते हुए कहा, 'मन ! यदि ये सब साधन हैं, तो तू क्या है? तू साध्य कब से हो गया?'

मन ने प्राण से कहा, 'तो क्या तू हम सबसे श्रेष्ठ है?'

प्राण ने कहा, 'मैंने ऐसा तो कहा नहीं !'

©KTBS Not to be republished

देखते-ही-देखते झगड़ा बहुत बढ़ गया। कोई भी अपने को कम मानने के लिए तैयार नहीं था।



अन्ततः वे सब मिलकर निर्णय करवाने के लिए भगवान के पास पहुँचे और बोले, 'हे प्रजापति ! आप यह निर्णय कर दीजिए कि हम पाँचों में से श्रेष्ठ कौन है।'



भगवान यह सुनकर मुस्कुराए। बोले, 'इतनी सी बात के लिए इतनी दूर आने की क्या आवश्यकता थी? इसका निर्णय तो तुम लोग आपस में ही कर सकते थे।'

'लेकिन हमें निर्णय करना नहीं आता। इसीलिए तो आपके पास आए हैं।'

'निर्णय करने की विधि मैं तुम्हें बता देता हूँ। सुनो, श्रेष्ठ वह होता है, जिसके बिना काम ही न चले। अब तुम लोग जाओ और स्वयं परीक्षा करके निर्णय कर लो।' भगवान ने कहा।

©KTBS Not to be republished

पाँचों को जगत् पिता भगवान की बात अच्छी लगी। वे सन्तुष्ट होकर लौट आए। शरीर तो अभी भी निठल्ला सोया पड़ा था। सब शरीर में अपने-अपने स्थान पर चुपचाप जा बैठे।

परीक्षा का दिन निश्चित किया गया। निश्चित समय पर परीक्षा शुरू हुई। झगड़ा वाणी ने ही शुरू किया था, इसलिए उसी से परीक्षा भी शुरू हुई।

वाणी कहने लगी, 'जगत् पिता ने कहा है कि श्रेष्ठ वह होता है जिसके बिना काम न चले। अभी मैं तुम्हे छोड़कर चली जाऊँ तो तुम सबका काम ठप हो जाएगा। इसलिए सीधी तरह से मुझे श्रेष्ठ मान लो, नहीं तो मैं यहाँ से चली।'

वाणी समझती थी सब उससे रुक जाने की प्रार्थना करेंगे।

लेकिन किसी ने उसकी तरफ आँख उठाकर भी नहीं देखा। वाणी उन्हें छोड़कर चली गयी। उसने सोचा एक-दो दिन में सबके दिमाग ठिकाने आ जाएँगे और दौड़े-दौड़े उसे मनाने के लिए आयेंगे। लेकिन एक महीना बीत गया, कोई भी मनाने नहीं आया। वाणी ने सोचा, चलकर देखना चाहिए कि उन लोगों के क्या हाल हैं ? बेचारों की दुर्गति हो रही होगी।

लेकिन यह क्या ! वाणी ने देखा, चारों आनंदमग्न हैं। चारों ऐसे बैठे थे जैसे मौन लिए मुनि बैठे हो। जो काम वह किया करती थी वे संकेत से हो रहे थे। उसने आते ही उनसे पूछा, 'कैसे हो? कैसी कटी मेरे बिना?'

'बहुत अच्छी तरह रहे। खूब अच्छी कटी। यह समझ में आ गया कि सब झगड़ों की जड़ तू ही है।'

वाणी यह सुनकर चुप हो गई और चुपचाप अपनी जगह जा बैठी।

©KTBS Not to be republished

इसके बाद चक्षु ने खड़े होकर कहना शुरू किया, 'आप को जो कुछ दिखाई देता है सब मेरी वजह से। यह जगत् अच्छा लगता है तो मेरी वजह से। वाणी के बिना तो काम चल सकता है पर मेरे बिना नहीं। मेरे महत्व को समझकर ही विधाता ने जीभ तो एक दी, पर चक्षु दो दिए हैं। इतना जानकर भी यदि आप मेरी श्रेष्ठता स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं आपको छोड़कर अभी चला जाऊँगा।'

वाणी तो चिढ़ी हुई बैठी थी। उससे नहीं रहा गया। उसने कहा, 'जाना है तो जा, तुझे रोकता कौन है ?'

चिढ़कर चक्षु अपना महत्व जताने के लिए चल दिया। उसने सोचा, कुछ दिन अँधेरे में ठोकरें खायेंगे फिर झख मारकर मुझे मनाने आ जाऐंगे।

लेकिन यह क्या ? दो महीने बीत गए और कोई भी चक्षु को बुलाने नहीं आया। हारकर चक्षु को ही लौटना पड़ा। उसने देखा कि वे लोग खूब मज़े से रह रहे हैं और आँख का सब काम कान से ले रहे हैं।

चक्षु को समझ में आ गया कि उसके बिना उनका काम चल गया। फिर भी अपना महत्व जताने के लिए उसने कहा, 'आ गई न इतने दिनों में अकल ठिकाने?'

'हमारी अकल तो ठिकाने ही थी। तुम्हारी नहीं थी सो अवश्य ठिकाने पर आ गई है। बड़ी शांति मिली, बड़ा आराम मिला हमें तो। वैसा ही जैसा जीवधारियों को रात में मिलता है।'

यह सुनकर चक्षु भी चुपचाप यथास्थान जा बैठा।

अब श्रवण की बारी थी। उसने खड़े होकर कहा, 'भगवान ने चक्षु दो दिए, तो कान भी दो दिए। जब चक्षु चले गए तब आपने मेरी

©KTBS Not to be republished

मदद से काम चलाया। यह वास्तविकता है। इसलिए मेरी श्रेष्ठता स्वीकार कर लीजिए। इसी में आपका भला है। नहीं तो मैं अब चला।'

'जाइए, आप भी शौक से जाइए!' वाणी और चक्षु ने कहा।

चार-छः महीने तक जब किसी ने श्रवण की सुध नहीं ली तो वह भी थक-हारकर स्वयं लौट आया। उसने देखा कि उसकी कमी किसी को नहीं खटकी। उसे आया हुआ देखकर किसी ने उसे 'आइए!' भी नहीं कहा। वह भी चुपचाप यथास्थान जा बैठा।

अब मन की बारी थी। मन ने कहा, 'भाईयो और बहनो, अपने मुँह से अपनी बड़ाई शोभा नहीं देती। बिना कुछ कहे, मैं आप लोगों को छोड़कर चला जाता हूँ। मैं जानता हूँ कि आप लोग मेरे बिना नहीं रह सकते। अपनी भूल समझ में आते ही आप मुझे बुला लीजिए। व्यर्थ कष्ट मत उठाइए।'

जो परीक्षा दे चुके थे वे एक साथ बोल उठे, 'धन्यवाद! आप हमारी चिंता किये बिना जहाँ जाना हो, निश्चिंत होकर चले जाइए।'

मुँह फुलाए मन चला गया। दिन, सप्ताह, पक्ष और महीने बीतने लगे। कोई भी उसे बुलाने नहीं आया। आखिर वह स्वयं ही इठलाता हुआ लौट आया। देखता क्या है कि वे चारों उसी आनंद से हिलमिल कर खेल रहे हैं, जिस आनंद से नन्हे-मुन्ने खेला करते हैं। न कोई चिंता, न भय, न शोक ! मन समझदार था। बिना कुछ पूछे अपने स्थान पर जा बैठा ।

अब प्राण की बारी थी। वह प्रारंभ से धीर, गंभीर और मौन था। उसका बर्ताव वैसा ही था जैसा छोटे बहन-भाइयों के साथ बड़े भाई का होता है। वह न तो स्पर्धा के लिए तैयार हुआ और न कुछ बोला।

Not to be republished ©KTBS

यह देखकर चारों ने उसे उकसाना शुरू किया।

प्राण ने कहा, 'भाई, अब जाने भी दो। झगड़े से क्या लाभ? मैं अपने आपको श्रेष्ठ कहलाना भी नहीं चाहता।'

सब ने कहा, 'नहीं, ऐसे नहीं चलेगा। आपको भी श्रेष्ठता का प्रमाण देना होगा।'

'अच्छा ! तो लो प्रमाण।' यह कहते हुए प्राण जाने के लिए तैयार हुआ। अभी वह खड़ा ही हुआ था कि वाणी लुप्त होने लगी, आँखों में अँधेरा छा गया, कान बहरे हो गए और मन तो डावाँडोल हो गया।

सब एक साथ चीख़ उठे, 'बस, बस ! हम मान गए। आप हम सबमें श्रेष्ठ हैं। कृपया आप हमें छोड़कर मत जाइए।'

**लेखिका परिचय :**

श्रीमती पूजा सिंघवी हिंदी की प्रसिद्ध लेखिका हैं। आपने बच्चों के लिए 'उपनिषद की सचित्र कहानियाँ' शीर्षक पुस्तक में उपनिषद के जीवन मूल्यों को सरल, सहज तथा सरस भाषा में प्रस्तुत किया है।

**शब्दार्थ :**

इंद्रियाँ - शरीर के अंग, ठप - बंद, चक्षु - आँख, वाणी - बोल, वचन; लुप्त - गायब, डावाँडोल - अधीर, श्रवण - कान, व्यर्थ - बेकार, निठल्ला - निकम्मा.

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए :**

१) गप्प-गोष्ठी किसके बीच में होने लगी ?

२) 'श्रेष्ठ कौन' के निर्णय के लिए सभी किसके पास गये ?

३) चक्षु ने अपना महत्व जताने के लिए क्या सोचा ?

४) प्राण का बर्ताव कैसा था ?

५) अंत में किसे श्रेष्ठ माना गया ?

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

१) 'श्रेष्ठ कौन' की स्पर्धा किनके बीच हुई ?

२) वाणी ने अपने विचारों को कैसे व्यक्त किया ?

३) चक्षु का वादा क्या था ?

४) प्राण निकलने के बाद शरीर के अंगों की क्या स्थिति हुई ?

**III. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए :**

(अक्ल, निष्क्रिय, हम मान गए, वाणी, भाइयो - बहनो)

१) शरीर ................. पड़ा था।

२) मन ने कहा, ................. और ................., अपने मुँह से अपनी बड़ाई शोभा नहीं देती।

३) हमारी ................. तो ठिकाने ही थी।

४) झगड़ा ................. ने शुरू किया था।

५) बस, बस ! .................। आप हम सबमें श्रेष्ठ हैं।

Not to be republished ©KTBS

**IV. उदाहरण के अनुसार अन्य अंगों के कार्य लिखिए :**

**उदाहरण :** चक्षु से देखते हैं।

१) कर्ण से ....................।

२) मुख से ....................।

३) नासिका से ................।

४) हस्त से ....................।

**V. विलोम शब्द लिखिए :**

१) बहुत ×

२) भला ×

३) आरंभ ×

४) श्रेष्ठ ×

५) भय ×

**VI. अन्य वचन रूप लिखिए :**

१) आँख - .................

२) चीज़ - .................

३) बात - ...............

४) मान्यता - .................

५) परीक्षा - ................

६) आवश्यकता - .................

Not to be republished ©KTBS

**VII. सही वाक्य के सामने ✓ और गलत के सामने × चिह्न लगाइए :**

१) भगवान ने मानव को तीन चक्षु और एक कान दिया है।

२) वाणी सबसे श्रेष्ठ है।

३) शरीर निष्क्रिय होने लगा।

४) अंत में वाणी को श्रेष्ठ माना गया।

**VIII. नमूने के अनुसार लिखिए :**

**नमूना:** दिन + इक → दैनिक

१) सप्ताह + इक →

२) पक्ष + इक →

३) मास + इक →

४) वर्ष + इक →

**योग्यता विस्तार :**

- मुखौटे पहनकर इस कहानी के भाव को अपनी कक्षा में प्रदर्शन कीजिए।

©KTBS Not to be republished


## पाठ - १३

# सी. वी. रामन

**- संकलित**

**आशय : आधुनिक भारतीय वैज्ञानिकों में भारत रत्न सर श्री चंद्रशेखर वेंकटरामन का नाम बड़ी श्रद्धा अैर सम्मान के साथ लिया जाता है। इस पाठ में उनकी संक्षिप्त जीवनी दी गई है।**

श्री रामन का जन्म ७ नवंबर, १८८८ में तमिलनाडु के तिरुच्चिरापल्ली जिले में हुआ था। उनके पिता श्री चंद्रशेखर अय्यर एक कॉलेज में




भौतिकी व गणित के अध्यापक थे। उनकी माताजी संस्कृत की विदुषी थीं। इस प्रकार विद्वान माता-पिता के संरक्षण में रामन का बौद्धिक विकास हुआ। अपनी प्रखर बुद्धि अैर प्रतिभा के कारण ही उन्होंने बारह वर्ष की आयु से पहले ही मैट्रिक की परीक्षा पास कर ली थी। उसके पश्चात् रामन ने चेन्नई के प्रसिद्ध प्रेसिडेंसी कॉलेज में प्रवेश लिए आौर वहीं से बी. ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की। भौतिक विज्ञान में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के कारण उन्हें स्वर्ण पदक से अलंकृत किया गया। इसीका परिणाम था कि उन्होंने एम. ए. में भी भौतिक विज्ञान को अपने अध्ययन का मुख्य विषय बनाया।

©KTBS Not to be republished

रामन की प्रारंभ से ही ध्वनि विशन में विशेष रुचि थी। एम.ए. करते हुए उन्होंने 'ध्वनि' तथा 'प्रकाश' के फैलाव पर प्रयोग करना प्रारंभ किया। उन्होंने अपने प्रयोग से सिद्ध किया कि जब प्रकाश विविध प्रकार की पारदर्शी और अपरादर्शी वस्तुओं से गुज़रता है तो उसकी तरंगों पर भिन्न-भिन्न प्रकार का प्रभाव पड़ता है।

रामन कोलकत्ता में एक उच्च सरकारी पद पर कार्य कर रहे थे, फिर भी उनका मन वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये बेचैन था। वे भारतीय विज्ञान विकास ऐसोसियेशन में अपने खाली समय में विज्ञान संबंधी अनुसंधान और शोधकार्य करने लगे। वहाँ उनके द्वारा लिखे उनेक शोधपत्र प्रकाशित होने लगे।

सन् १९१९ में कोलकत्ता विश्वविद्यालय की ओर से भौतिक विज्ञान विभाग में सी.वी. रामन को प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया। यद्यपि उन्हें इस पद पर सरकारी नौकरी से कम ही वेतन मिलता था परंतु यह कार्य उनकी रुचि का था। इसलिए उन्होंने प्रोफेसर का पद सहर्ष स्वीकार कर लिया।



इसी विश्वविद्यालय में रहकर प्रकाश और ध्वनि विज्ञान में मौलिक अनुसंधान कार्य किए। उनकी सबसे बड़ी खोज थी 'रामन-प्रभाव' जो उन्हीं के नाम से जानी जाती है। इसी खोज के कारण १९३० में उन्हें 'नोबेल पुरस्कार' से अलंकृत

©KTBS Not to be republished

किया गया। रामन भारत के पहले वैज्ञानिक थे जिन्होंने भारत में ही पढ़ाइ करने के बाद शोधकार्य किया और नोबल पुरस्कार प्राप्त किया।

रामन विश्वविख्यात वैज्ञानिक थे। १९२९ में वे भारतीय विज्ञान कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। इटली के विज्ञान परिषद् ने भी उन्हें सम्मानित किया। इंग्लैंड की रॉयल सोसाइटी ने भी पदक प्रदान किया और अपना 'फैलो' बनाया। ब्रिटिश सरकार ने 'सर' की उपाधि से सम्मानित किया।

भारत सरकार ने १९५४ में उन्हें भारत के सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया। भारत में हर वर्ष २८ फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 'रामन प्रभाव' की खोज विश्व के सम्मुख प्रस्तुत की गई थी। भौतिक विज्ञान की सेवा करते-करते सन् १९७० में सर रामन का देहांत हुआ। परंतु उनकी कृतियाँ और अनुसंधान आज हमारा मार्गदर्शन कर रही हैं और करती रहेंगी।

**शब्दार्थ :**

मैट्रिक - दसवीं कक्षा, पश्चात् - बाद, रुचि - इच्छा, आसक्ति; शोधपत्र - किसी विषय पर पर्याप्त अनुसंधान के बाद लिखा गया लेख या पत्र, अनुसंधान - खोज, अन्वेषण; मौलिक - जो किसी की नकल या आधार पर न हो, असली।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) सर सी.वी. रामन का जन्म कहाँ हुआ?

२) उनके पिता का नाम क्या था?

३) एम.ए. में उनके अध्ययन का मुख्य विषय क्या था?

४) रामन अपने खाली समय में क्या करते थे?

५) ब्रिटिश सरकार से उनको कौन-सी उपाधि मिली?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१) रामन के माता-पिता का परिचय लिखिए?

२) रामन की बी.ए. तथा एम.ए. की पढ़ाई के बारे में लिखिए।

३) रामन ने अपने प्रयोग द्वारा क्या सिद्ध किया?

४) रामन को 'नोबेल पुरस्कार' से क्यों अलंकृत किया गया?

५) भारत में हर वर्ष 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' कब मनाया जाता है? क्यों?

**III. रिक्त स्थान भरिए :**

१) माता-पिता के संरक्षण में रामन का __________ विकास हुआ।

२) अपनी प्रखर बुध्दि और ________ के कारण उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास कर ली थी।

©KTBS Not to be republished

३) रामन की प्रारंभ से ही ________ में विशेय रुचि थी।

४) रामन________में एक उच्च सरकारी पद पर कार्य कर रहे थे।

**IV. जोड़ी मिलाइए :**

| | |
|---|---|
| १) सन् १८८८ | नोबेल पुरस्कार |
| २) सन् १९१९ | भारतीय विज्ञान कांग्रेस के अध्यक्ष |
| ३) सन् १९३० | रामन का देहांत |
| ४) सन् १९२९ | रामन का जन्म |
| ५) सन् १९५४ | प्रोफेसर का पद |
| ६) सन् १९७० | 'भारत रत्न' का सम्मान |

**V. वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

१) अध्यापक २) पश्चात् ३) सर्वाधिक ४) विश्वविख्यात ५) मार्गदर्शन

**VI. अन्य वचन रूप लिखिए :**

१) प्रतिभा -

२) परीक्षा -

३) वस्तु -

४) विद्या -

©KTBS Not to be republished

**VII. पाँच पारदर्शी तथा पाँच अपारदर्शी वस्तुओं की सूची बनाइए:**

| **पारदर्शी** | **अपारदर्शी** |
|---|---|
| **जैसे** - काँच | पत्थर |
| १. | |
| २. | |
| ३. | |
| ४. | |
| ५. | |

**VIII. भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट साधना के लिए अनेक महान् व्यक्तियों को नोबेल पुरस्कार से अलंकृत किया गया है। आप ऐसे पाँच व्यक्तियों के नाम उनके साधना क्षेत्र के साथ लिखिए :**

| **व्यक्ति का नाम** | **साधना-क्षेत्र** |
|---|---|
| **जैसे :** सी.वी. रामन | भौतिक-विज्ञान का क्षेत्र |
| १. | |
| २. | |
| ३. | |
| ४. | |
| ५. | |


©KTBS Not to be republished

# भाषा-बोध

**‘उपसर्ग’ एवं ‘प्रत्यय’ :**

वर्णों के सार्थक मेल से शब्द बनते हैं और शब्दों से अन्य शब्द भी बनाए जाते हैं। मूल शब्दों में पहले या बाद में कुछ शब्दांश जोड़कर हम नए शब्द बनाते हैं। इससे शब्दों के अर्थ में परिवर्तन हो जाता है।

**जैसे** - सु + पुत्र = सुपुत्र



वन



उपवन

ऊपर के चित्रों द्वारा मालूम होता है कि वन शब्द के पहले ‘उप’ लगाने पर उसका अर्थ बदल गया है।

**किसी शब्द के पहले लगकर अर्थ बदलनेवाले शब्दांश ‘उपसर्ग’ कहलाते हैं।**

**जैसे -**

| उपसर्ग | शब्द | नवीन शब्द |
|---|---|---|
| अ + | शांति | अशांति |
| उप + | मंत्री | उपमंत्री |
| दुः + | बल | दुर्बल |
| सु + | कन्या | सुकन्या |
| कम + | ज़ोर | कमज़ोर |
| ना + | समझ | नासमझ |

©KTBS Not to be republished

**इसी प्रकार अन्य शब्द हैं -**

एक + ता = एकता, लेख + क = लेखक

यहाँ शब्द के अंत में 'ता' और 'क' लगाने से अर्थ बदल गया है।

**शब्द के अंत में लगकर अर्थ बदलनेवाले शब्दांश 'प्रत्यय' कहलाते हैं।**

**जैसे -**

| शब्द | प्रत्यय | नवीन शब्द |
|---|---|---|
| बुरा + | ई | बुराई |
| कथा + | कार | कथाकार |
| भारत + | ईय | भारतीय |
| बच्चा + | पन | बचपन |
| सफल + | ता | सफलता |
| बूढ़ा + | पा | बुढ़ापा |

**अब हम जान गए :**

* शब्द के पहले लगकर अर्थ बदलनेवाले शब्दांश 'उपसर्ग' कहलाते हैं।
* शब्द के अंत में लगकर अर्थ बदलनेवाले शब्दांश 'प्रत्यय' कहलाते हैं।
* उपसर्ग और प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाये जा सकते हैं।

**योग्यता विस्तार :**

- भारत देश के अन्य महान् वैज्ञानिकों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।

©KTBS Not to be republished

## पाठ - १४


# अलबेली घंटी

**- श्रीमती रेखा राजवंशी**

**आशय : घंटी अनोखी होती है। वह घर में बजती है तो किसी के आने की सूचना देती है। विद्यालय में बजती है तो दिनचर्या बताती है। 'फोन' में बजती है और संदेशा पहुँचाती है। साइकिल में बजकर लोगों को सावधान करती है। मंदिर में बजती है तो भक्ति भाव जगाती है। अफसर के कमरे में बजती तो अपना ठाट-बाट दिखाती है।**


©KTBS Not to be republished

मैं हूँ इक अलबेली घंटी,
सबकी बनी सहेली घंटी।
जब देखो तब बजती रहती,
नई बात कुछ कहती रहती।



जब भी मैं घर में बजती हूँ,
कोई आया ये कहती हूँ।
लोगों में उत्साह जगाती,
चेहरे पर मुस्कान खिलाती।


विद्यालय में जब बज जाती,
दिनचर्या को शुरू कराती।
अनुशासन का पाठ पढ़ाती,
संध्या को छुट्टी करवाती।





जब भी बजती फोन की घंटी,
दौड़ के आते गुड्डू, बंटी।
नया संदेशा लाती हूँ मैं,
सबका मन हर्षाती हूँ मैं।


साइकिल की घंटी बजती है,
हटो किनारे, यह कहती है।
बीच सड़क न चलना भाई,
घंटी ने यह बात बताई।






मंदिर की जब घंटी बोले,
सुनकर भक्तों के मन डोले।
करें आरती का जब गान,
घंटी की बढ़ जाती शान।

मेज पे अफसर की बैठी है।
इसीलिए तो ये ऐंठी है।
सब पर अपना रौब चलाती,
बजकर अंदर लोग बुलाती।



©KTBS
Not to be republished



घड़ी की घंटी बजती जाती,
मुन्नी मम्मी पर झल्लाती।
उठो-उठो यह हमें बताती,
आलस छोड़ो यह सिखलाती।

काम बहुत - से आती घंटी,
इसीलिए इतराती घंटी।
लगती कभी पहेली घंटी,
सबकी बनी सहेली घंटी।

**कवयित्री परिचय :**

श्रीमती रेखा राजवंशी एक अध्यापिका हैं। इन्होंने मनोविज्ञान तथा शिक्षा-विज्ञान में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त की है। ऑस्ट्रेलियन बालभारती विद्यालय, थार्नले में इन्होंने आठ साल तक काम किया। रेखाजी एस.बी.एस. रेडियो में अनौपचारिक प्रचारिका हैं। इसके अतिरिक्त इन्होंने अनुवादक का काम भी किया है।

**शब्दार्थ :**

अलबेली - निराली, अनोखी, छबीली; दिनचर्या - दैनिक कार्य, ऐंठ - घमंड, रौब - दर्प, झल्लाना - गुस्सा करना, इतराना - गर्व दिखाना

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर दीजिए :**

१) घर की 'कॉलिंगबेल' हमें क्या सूचना देती है ?

२) 'फोन' की घंटी बजते ही कौन-कौन दौड़कर आते हैं?

३) मंदिर की घंटी की शान कब बढ़ जाती है ?

४) कौन-सी घंटी अपना रौब चलाती है ?

५) मम्मी पर कौन झल्लाती है ?

**II. तीन चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१) आप कितने प्रकार की घंटियों के बारे में जानते हैं ?

२) घंटी से हमें क्या लाभ है ?

**III. जोड़कर लिखिए :**

| | अ | ब |
|---|---|---|
| १) | नया संदेश लाती हूँ मैं | इसीलिए इतराती घंटी। |
| २) | साइकिल की घंटी बजती है | सबका मन हर्षाती हूँ मैं। |
| ३) | करें आरती का जब गान | सबकी बनी सहेली घंटी। |
| ४) | काम बहुत से आती घंटी | हटो किनारे, यह कहती है। |
| ५) | लगती कभी पहेली घंटी | घंटी की बढ़ जाती शान। |

**IV. कविता कंठस्थ कीजिए ।**

**V. कविता से तुकांत शब्दों को पहचानकर लिखिए :**

**जैसे: बजती - कहती**

१) जगाती - ______

©KTBS Not to be republished

| | | | |
|---|---|---|---|
| २) | _______ | - | कराती |
| ३) | घंटी | - | _______ |
| ४) | _______ | - | हर्षाती |
| ५) | बजती | - | _______ |
| ६) | _______ | - | बताई |
| ७) | _______ | - | डोले |
| ८) | गान | - | _______ |
| १०) | _______ | - | बुलाती |
| ११) | जाती | - | _______ |
| १२) | _______ | - | सिखलाती |
| १३) | आती | - | _______ |
| १४) | _______ | - | सहेली |

**VI. घड़ी की घंटी सुनकर कभी आप खुश होते हैं, कभी गुस्सा करते हैं। इसके दो-दो कारण बताइए :**

| खुश होते हैं | गुस्सा करते हैं। |
|---|---|
| १. | १. |
| २. | २. |

**VII. विद्यालय में अपनी दिनचर्या के बारे में चार-पाँच वाक्य लिखिए।**

**योग्यता विस्तार :**

- विभिन्न प्रकार की घंटियों के चित्र खींचिए और उनके बारे में एक-एक वाक्य लिखिए।

©KTBS Not to be republished

पाठ -१५

# होली का त्योहार

-संकलित

**आशय : भारत त्योहारों का देश है। यहाँ मनाए जाने वाले प्रत्येक त्योहार की अपनी अलग-अलग विशेषताएँ हैं। प्रस्तुत पाठ में ''होली'' के पौराणिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक परंपरा पर प्रकाश डाला गया है।**

रचना : दादाजी, दादाजी, आपके कपड़े तो रंग-बिरंगे हो रहे हैं और मुँह पर भी गुलाल लगा है। आज तो होली नहीं है।

राकेश : होली सिर्फ एक दिन का त्योहार थोड़े ही है। कई दिन पहले से रंग डालने लगते हैं।

दादाजी : भाई, आज अपने मित्र लाला दर्शनलाल के यहाँ 'होली मिलन समारोह' था। खूब गाजे-बाजे, ढोल-ढमाके, झाँझ-मंजीरे और नाच-रंग जमा। पीने को बादाम की ठंडाई और खाने को बढ़िया मिठाई! मुझे तो यही अफसोस रहा कि तुम दोनों को साथ नहीं ले गया।

रचना : कोई बात नहीं दादाजी, हम भी अपने यहाँ एक दिन होली का कार्यक्रम क्यों न रखें!

दादाजी : हाँ-हाँ, अवश्य रख लेते हैं और उस दिन सभी पड़ोसियों और मित्रों को बुला लेंगे।

राकेश : दादाजी, मेरी किताब में चीन देश के यात्री फॉहियान के बारे में चर्चा है। फॉहियान यहाँ आया तो उन दिनों यहाँ बसंत का मौसम था। उसने लिखा है-'भारत बड़ा अनोखा देश है।

©KTBS Not to be republished



यहाँ तो लोग आए दिन नाचते-गाते और ढोल बजाते हैं। एक-दूसरे पर फूलों का रंग डालते हैं और इत्र छिड़कते हैं। मुँह पर रोली-अबीर मलते हैं। स्त्री-पुरुषों की इन मस्त टोलियों को देखकर मन करता है, मैं भी इनमें शामिल हो जाऊँ।'

रचना : फॉहियान ने जरूर होली खेली होगी ?

दादाजी : होली न खेलता, तो असली आनंद भी कैसे आता! त्योहार की खुशी में तो सभी को शामिल होना चाहिए। तुम्हें मालूम है महाराज रणजीत सिंह पंजाब के बड़े नामी राजा थे। उनके दरबार में होली का जो हुड़दंग हुआ, उसे आज तक याद किया जाता है। उसमें अंग्रेज भी शामिल हुए थे। काबुल से आए कई सरदार भी खूब रंगे गए थे।

राकेश : और भक्त प्रह्लाद की कथा भी तो होली से जुड़ी है।

दादाजी : हाँ-हाँ, होली के कितने ही किस्से-कहानियाँ हैं !

रचना : प्रह्लाद की कथा तो मुझे भी मालूम है।

दादाजी : तो तुम हमें भी सुना दो।

© KTBS Not to be republished

रचना : हिरण्यकश्यप नाम का एक राजा था। वह ईश्वर को नहीं मानता था। वह अपनी प्रजा से कहता था कि ''मेरी पूजा करो। मेरा ही नाम जपो। भगवान का नाम न लो।'' लेकिन उसी का बेटा प्रह्लाद ईश्वर का भक्त था।

राकेश : अच्छा, तो उसने प्रह्लाद को नहीं रोका ?

रचना : हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को ईश्वर की पूजा न करने को कहा। प्रह्लाद ने बात नहीं मानी। तब हिरण्यकश्यप ने उसे कैद खाने में डाल दिया। गर्म खंभे से बँधवा दिया। पहाड़ से गिरा दिया। लेकिन सब कुछ होने पर भी प्रह्लाद का कुछ न बिगड़ा। तब राजा की बहन होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठी। होलिका को वरदान था कि वह आग में जल नहीं सकती। लेकिन यह क्या ! देखते-ही-देखते वह जलकर राख हो गई और प्रह्लाद का कुछ भी न बिगड़ा।

दादाजी : और फिर हुआ यह कि भगवान प्रकट हुए। उन्होंने हिरण्यकश्यप को मार डाला। तभी से होली जलाने का रिवाज़ शुरू हुआ।

राकेश : दादाजी, होली पर गेहूँ की बाल भूनते हैं, सो क्यों ?

रचना : किसान और गाँववाले देखते हैं कि फसल पक गई या नहीं।

दादाजी : हाँ, बालें भूनने का रिवाज़ इसीलिए चला कि देखें - अनाज पक गया या नहीं। इससे पता चलता है कि फसल कैसी हुई। होली जलाते हैं, लोग गले मिलते हैं। गले मिलने से आपस में प्रेम बढ़ता है। दुश्मनी और वैर भाव मिटता है। दूसरे दिन रंग खेलते हैं।

©KTBS Not to be republished



राकेश : लेकिन दादाजी, रंग डालने का फायदा क्या है ?

रचना : कहते हैं कि रंग डालने से कई तरह की बीमारियाँ नहीं होतीं, जैसे दाद-खुजली।

दादाजी : भई, रंग टेसू के फूलों का होना चाहिए। काले-नीले भद्दे रंग या कीचड़ किसी पर डालना ठीक नहीं। जब चारों ओर प्रकृति में रंग-बिरंगे फूल खिले हों, तब रंग में रंगना कैसा सुहाना मालूम होता है!

(होली गाने और ढोल-डफली बजने के स्वर)

रचना : दादाजी, दादाजी, कहते हैं कि ब्रज की होली तो बड़ी अनोखी होती है।



दादाजी : नंद गाँव में श्रीकृष्ण रहते थे। राधा का गाँव है बरसाना। बरसाने और नंद गाँव के वासी अभी तक आपस में रिश्ता मानते हैं। होली पर नंद गाँव के गोप टोलियाँ बनाकर बरसाने जाते हैं। होली के इन मस्तानों का स्वागत करने के लिए बरसाने की नारियाँ पहले ही तैयार रहती हैं - हाथों में संटियाँ लेकर गोपिकाएँ गोपों पर रंग तो खूब डालती ही है, उनकी पिटाई भी करती हैं। फाग और होली सब मिलकर गाते हैं और नाचते हैं।

राकेश : हाँ दादाजी, मैंने पढ़ा है।

एक बार श्रीकृष्ण गोपिकाओं के बीच जा फँसे। एक ने उनकी बाँसुरी छीनी, दूसरी ने उनके मुँह पर लाल-लाल गुलाल मल डाला, तीसरी ने रंग का घड़ा ही उलट दिया। फिर चौथी गोपी ने आँखें नचाते हुए, खिल्ली उड़ाते हुए कहा -

''लल्ला, फिर आइयो खेलन होरी।''

©KTBS Not to be republished

(दादाजी और दोनों बच्चे ठहाका लगाते हैं। होली के हुड़दंग के स्वर)

**आइए जानें :**

**प्राकृतिक रंग**

अगर हल्दी और थोड़े से चूने को पानी में डालकर घोला जाए तो लाल रंग तैयार होता है। टेसू के फूलों को पानी में डालकर पीला सुगन्धित रंग तैयार किया जाता है। पुराने जमाने में इसी तरह के प्राकृतिक रंगों से होली खेली जाती थी।

**फाग**

होली का त्योहार फागुन के महीने में आता है। होली के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों को 'फाग' कहते हैं।

**ठंड़ाई**

बादाम, खसखस, सोंफ, काली मिर्च आदि पीसकर मिलाये गये ठंडे दूध को ठंड़ाई कहते हैं। इस पेय पदार्थ को होली पर विशेष रूप से तैयार किया जाता है।

**ब्रज :** कृष्ण के जन्मस्थान को ब्रज भूमि कहते हैं। वहाँ बोली जाने वाली भाषा ब्रजभाषा कहलाती है।

**शब्दार्थ :**

गुलाल - लाल रंग का चूर्ण, अनोखा - निराला, हुड़दंग - शोर, रिवाज़ - पद्धति, संटियाँ - पतली लकड़ियाँ, अबीर - पीले रंग का चूर्ण, होरी - होली, खिल्ली उड़ाना - मज़ाक करना

©KTBS Not to be republished

# अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१) फॉहियान कौन था ?

२) महाराजा रणजीत सिंह कहाँ का राजा था ?

३) होलिका कौन थी ?

४) होलिका को क्या वर मिला था ?

५) रंग डालने का फायदा क्या है ?

**II. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१) फॉहियान कौन था ? उसने अपनी किताब में भारत के बारे में क्या लिखा है ?

२) राजा रणजीत सिंह के दरबार में मनाई गई होली में कौन-कौन शामिल हुए थे ?

३) होलिका की मृत्यु कैसे हुई ?

४) 'बरसाने' गाँव में गोप और गोपिकाएँ कैसे होली खेलते हैं?

**III. सही शब्दों को कोष्ठक से चुनकर लिखिए :**

(अनोखा, होलिका, फॉहियान, होली जलाने, प्रह्लाद)

१) .................. चीन देश का यात्री था।

२) भारत बड़ा .................. देश है।

३) हिरण्यकश्यप का बेटा .................. ईश्वर का भक्त था।

©KTBS Not to be republished

४) हिरण्यकश्यप की मृत्यु से .................. का त्योहार शुरू हुआ।

५) प्रह्लाद को गोद में लेकर .................. आग में बैठी।

**IV. विलोम शब्द लिखिए :**

१) फायदा X

२) विदेशी X

३) दुश्मनी X

४) लाभ X

**V. नमूने के अनुसार जोड़े शब्दों को पाठ से ढूँढ़कर लिखिए :**

उदा : गाजे - बाजे

१) .......... - ..........

२) .......... - ..........

३) .......... - ..........

**VI. निम्नलिखित वाक्यों को किसने किससे कहा ?**

१) ''भारत बड़ा अनोखा देश है। यहाँ तो लोग आए-दिन नाचते गाते ढोल बजाते हैं।''

२) ''रंग डालने का क्या फायदा है ?''

३) ''लल्ला, फिर आइयो खेलन होरी।''

**VII. पाठ में 'होलिका दहन' की एक घटना है। उसे सही ढंग से पढ़िए और अपने शब्दों में एक छोटी-सी कहानी के रूप में लिखिए। उस कहानी को एक नया शीर्षक भी दीजिए।**

©KTBS Not to be republished

**VIII. चित्र देखकर उसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए :**



..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

**योग्यता विस्तार :**

- बहन-भाई के अटूट प्रेम का परिचय देनेवाला एक त्योहार है 'राखी'। इस त्योहार की जानकारी प्राप्त कीजिए और लिखिए।

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १६

# वैभवशाली हंपी

**- संकलित**

**आशयः प्रस्तुत पाठ में लोकप्रिय पर्यटन स्थल हंपी का वर्णन है। विजयनगर साम्राज्य के वैभव और कला-प्रेम का भी सशक्त चित्रण है। हंपी के महत्वपूर्ण स्थल और उनकी वास्तुकला, शिल्पकला का परिचय कराया गया है।**

हंपी कर्नाटक राज्य में स्थित प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल है। यह बेंगलूरु से लगभग ३५० कि.मी. दूरी पर है। यह कर्नाटक के लोकप्रिय प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। शिल्पकला और वास्तुकला एवं मूर्तिकला की दृष्टि से यह विशिष्ट पर्यटन स्थल है।

हंपी तुंगभद्रा नदी के तट पर है। यहाँ की प्रमुख भाषाएँ कन्नड और तेलुगु हैं। कुछ सदियों पहले हंपी विजयनगर साम्राज्य की राजधानी था। उस समय यह एक प्रमुख वाणिज्य केंद्र था। तुलुवा राजवंश के राजा कृष्णदेवराय के काल में हंपी विजयनगर साम्राज्य का प्रसिद्ध नगर था। राजा कृष्णदेवराय कला और धर्म के महान संरक्षक थे।

हंपी में देखने लायक अनेक स्थल हैं। उनमें प्रमुख हैं-विट्ठल मंदिर, विरूपाक्ष मंदिर, हेमकूट पर्वत, कडलेकालु गणेश की मूर्ति, सासवेकालु गणेश की मूर्ति, कृष्ण मंदिर, उग्र नरसिंह, कमल महल, हजारा राममंदिर, अस्तबल आदि।


©KTBS Not to be republished

**विट्ठल मंदिर :** इस मंदिर में भगवान विष्णु विट्ठल के रूप में विराजमान हैं। इस मंदिर में कई विशिष्ट स्तंभ हैं। इनमें अद्भुत कलाकारी द्रष्टव्य है। मंदिर के सामने 'संगीत स्तंभ' भी हैं। इन स्तंभों के स्पर्श करने से संगीत के सात स्वर सुनायी देते हैं।




**विट्ठल मंदिर**

**विरूपाक्ष मंदिर :** यह एक विशाल मंदिर है। ई. १५१० में राजा श्री कृष्णदेवराय के समय में इस मंदिर का निर्माण पूरा हुआ था। इस मंदिर के सामने तुंगभद्रा नदी बहती है। इस मंदिर के दो भव्य शिखर हैं। इसे 'रायल गोपुर' कहते हैं। इसके सामने ध्वजस्तंभ है। विरूपाक्ष को पंपापति भी कहते हैं। इस मंदिर के प्रांगण में पातालेश्वर, मुक्ति नरसिंह, सूर्यनारायण, लक्ष्मीनरसिंह, महिषासुरमर्दिनी, श्री वेंकटेश्वर मंदिर आदि भी हैं।



**विरूपाक्ष मंदिर**

©KTBS Not to be republished




**हेमकूट मंदिर**

**हेमकूट मंदिर :** यह हेमकूट पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। यहाँ भी बहुत सारे छोटे-छोटे मंदिर हैं।



**कडलेकालु गणेश :** हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार गणेश भगवान अवरोधों को हटाने के देवता हैं। इनकी मूर्ति यहाँ कडलेकालु (मूँगफली) के आकार में हैं।

**कडलेकालु गणेश**



**सासवेकालु गणेश**

**सासवेकालु गणेश :** भगवान सरसों के बीज के आकार में है। इसलिए इसका नाम सासवेकालु गणेश पड़ा है। कन्नड भाषा में सरसों के बीज को सासवेकालु कहते हैं। यह विजयनगर की कलात्मकता का एक अच्छा उदाहरण है।


©KTBS Not to be republished

**कृष्ण मंदिर :** यह मंदिर कृष्ण भगवान के लिये समर्पित है। इसकी कलाकारी देखने योग्य है।



**कृष्ण मंदिर**

**उग्र नरसिंह :** यह हंपी का एक मुख्य मंदिर है। इसमें भगवान विष्णु नृसिंह के रूप में शोभायमान हैं।



**उग्र नरसिंह**

**कमल महल :** यह एक सुसज्जित रंग महल है। प्राचीन काल में हर्षोल्लास के लिए इस महल का उपयोग किया जाता था।

Not ©KTBS to be republished



**कमल महल**

**हजारा राममंदिर :** यह मंदिर अपनी असाधारण नक्काशीदार दीवारों के लिए प्रसिद्ध है।



**हजारा राममंदिर**

**अस्तबल :** यह हाथियों को बांधने का स्थान था। इसमें हाथियों के लिये कई कक्ष बने हैं। प्रत्येक कक्ष काफी बड़ा है।

Not ©KTBS to be republished

सम्राट श्री कृष्णदेवराय का शासनकाल विजयनगर का स्वर्णयुग कहलाता है। उनके काल में सोना, चाँदी, मोती, जवाहरात यहाँ के बाज़ार में बड़ी मात्रा में मिलते थे। उस वैभव की याद में कर्नाटक सरकार नवंबर के प्रथम सप्ताह में 'हंपी उत्सव' मनाती है। यहाँ नृत्य और संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं।

जीवन में कम से कम एक बार हंपी जाकर अतीत के उस वैभव के दर्शन करना आवश्यक है।

**शब्दार्थ :**

दर्शनीय - देखने लायक, उपस्थित - मौजूद, हाजिर; सुसज्जित - अच्छी तरह सजाया हुआ, आयोजन - व्यवस्था

**टिप्पणी :** हिंदी में 'ळ' वर्ण नहीं है। यह कन्नड भाषा का वर्ण है। इसलिए 'काळु' की जगह 'कालु' का प्रयोग हुआ है।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

१) हंपी कहाँ है?

२) हंपी किस नदी के तट पर स्थित है ?

३) हंपी किसकी राजधानी था?

४) तुलुवा राजवंश के राजा कौन थे?

५) 'संगीत स्तंभ' कहाँ उपस्थित हैं ?

६) विरूपाक्ष का दूसरा नाम क्या है?

७) 'सासवेकालु गणेश' किसे कहते हैं?

८) अस्तबल क्या है ?

९) हजारा राममंदिर किसके लिए प्रसिद्ध है?

१०) 'हंपी उत्सव' कब मनाते हैं?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१) हंपी किसके लिए प्रसिद्ध है?

२) हंपी में देखने लायक स्थलों के नाम लिखकर उनका महत्व समझाइए ।

३) कृष्णदेवराय के शासनकाल को 'विजयनगर का स्वर्णयुग' क्यों कहते हैं?

४) सासवेकालु गणेश और कडलेकालु गणेश के बारे में दो-दो वाक्य लिखिए।

**III. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए :**

(पंपापति, तुलुवा, कमल महल, सरसों का बीज, स्वर्णयुग)

१) राजा कृष्णदेवराय ____________ वंश के थे।

२) विरूपाक्ष को ____________ भी कहते हैं।

३) सासवेकालु का अर्थ ____________ है।

४) हर्षोल्लास का महल ____________है।

५) सम्राट श्री कृष्णदेवराय के शासनकाल को ______ कहते हैं।

©KTBS Not to be republished

**IV. शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए :**

**उदाहरण :**

**दर्शनीय - दर्शन + ईय**

**परिश्रमी - परिश्रम + ई**

१. राष्ट्रीय -

२. अनुकरणीय -

३. मानवीय -

४. भारतीय -

१. ईमानदारी -

२. साहसी -

३. जापानी -

४. कलाकारी -

**V. नमूने के अनुसार विलोम शब्द जोड़िए :**

| | |
|---|---|
| १) धर्म | निरुपयोग |
| २) अच्छा | असाधारण |
| ३) योग्य | अधर्म |
| ४) साधारण | बुरा |
| ५) उपयोग | अयोग्य |

**VI. इन वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :**

**उदाहरण : जैसे पहले न हुआ हो - अपूर्व**

१. जो दर्शन करने योग्य हो -

२. जो प्रशंसा के योग्य हो -

३. जो पुराने समय का हो -

४. जो मामूली न हो -

५. जो रक्षा करता हो -

©KTBS Not to be republished

**VII. शब्द समूहों में उदाहरण की तरह बेमेल शब्दों पर गोल चिह्न लगाइए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **उदाहरण :** | मंदिर | (बगीचा) | मूर्ति | घंटा |
| १. | विट्ठल | विरूपाक्ष | विष्णु | शारदा |
| २. | कन्नड | तमिल | तेलुगु | गेंद |
| ३. | बेलूरु | हलेबीडु | महाराष्ट्र | हंपी |
| ४. | पत्थर | सोना | चाँदी | मोती |

**VIII. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

१. प्रमुख -

२. उपस्थित -

३. प्रसिद्ध -

४. आश्रय -

**योग्यता विस्तार :**

- मैसूरु, बेलूरु, हलेबीडु या अन्य किसी एक दर्शनीय स्थल के बारे में दस वाक्य लिखिए।
- श्रवणबेलगोल के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।

©KTBS Not to be republished

पाठ - १७

# तुलसी के दोहे

**अध्याय: इन दोहों के द्वारा परहित, स्नेह, धैर्य, मधुर वचन, दया का महत्व आदि के परिणामों की जानकारी दी जा रही है।**

१. तुलसी संत सुअम्ब तरु, फूलि फलहिं परहेत।
इतते ऐ पाहन हनत, उतते वे फल देत।।

२. आवत ही हरषै नहिं, नैनन नहिं सनेह।
तुलसी तहाँ न जाइये, कंचन बरसे मेह।।


३. सूर समर करनी तुलसी करहिं, कहिं न जनावहिं आप।
विद्‌यमान रिपु पाइ रन, कायर करहिं, प्रलाप।।

४. तुलसी मीठे वचन ते, सुख उपजत चहुँ ओर।
बसीकरन यह मंत्र है, परिहरु वचन कठोर।।

५. दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छाँड़िए, जब लौ घट में प्राण।।

**कवि परिचय :**

**गोस्वामी तुलसीदास : (सन् १५३२ - सन् १६२३)**



गोस्वामी तुलसीदास का जन्म उत्तर प्रदेश के राजापुर नामक गाँव में हुआ। इनके पिता का नाम आत्माराम दुबे तथा माता का हुलसी था। वे अपने समय के पहुँचे हुए विद्‌वान तथा महान संत थे. वे श्रीराम के अनन्य भक्त थे। उसी भक्ति से प्रेरित होकर उन्होंने 'रामचरितमानस' की रचना की। इस

©KTBS
Not to be republished

ग्रंथ ने गोस्वामी जी को अमर बना दिया। विनय पत्रिका, कवितावली, दोहावली, गीतावली, पार्वती मंगल आदि उनके अन्य प्रसिद्ध ग्रंथ हैं।

**शब्दार्थ :**

सुअम्ब तरु - श्रेष्ठ आम पेड़, परहेत - दूसरों के लिए, पाहन हनत - पत्थर मारते हैं, आवत ही - आते ही, नैनन - आँखें, मेह - मेघ, कंचन - सोना, समर - युद्ध, रिपु - दुश्मन, जनावहिं - बताते हैं, विद्यमान - मौजूद, उपजत - पैदा होता है, बसीकरन - दूसरों को वश में करना, परिहरु - छोड़ दे, त्याग दे; छाँड़िए-छोड़िए, लौ - तक, घट - शरीर

## भावार्थ

१. तूलसी जी कहते हैं कि, संत हमेशा आम के वृक्ष की तरह होते हैं। आम के वृक्ष में जो फल और फूल उगते हैं, वे दूसरों के लिए होते हैं। इस वृक्ष पर जितना पत्थर मारते हैं वह उतना फल देता है। यानि कि स्वयं कष्ट सहता है और बदले में फल (सुख) देता है। इसी तरह संत भी परोपकारी होते हैं।

२. तुलसीदास जी कहते हैं कि जहाँ जाते ही लोग हमें देखकर खुश नहीं होते और उनकी आँखों में प्रेम और विश्वास नहीं झलकता, ऐसे स्थान पर नहीं जाना चाहिए, चाहे वहाँ सोने की वर्षा ही क्यों न होती हो।

३. तुलसीदास जी वीर और कायरों के गुणों को दर्शाते हुए कहते हैं कि वीर अपने मुँह से अपना बखान नहीं करते हैं। युद्ध में डटकर शत्रुओं का सामना करते हैं। उल्टे कायर युद्ध-क्षेत्र में शत्रुओं को देखते ही रो पड़ते हैं।

©KTBS Not to be republished

४. तुलसी जी कहते हैं कि मीठे वचन के प्रयोग से चारों ओर का वातावरण सुखमय बनता है। मीठा वचन वशीकरण मंत्र है। अतः कठोर वचन को त्याग देना चाहिए।

५. तुलसीदास जी कहते हैं कि धर्म का मूल दया है और पाप का मूल अहंकार । उनका कहना है कि जब तक शरीर में प्राण हैं तब तक हमारे मन में दया की भावना होनी चाहिए।

## अभ्यास

**I. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

१) संत का स्वभाव कैसे होता है ?

२) सच्चे शूर-वीर के क्या लक्षण होते हैं ?

३) दुश्मन की फौज देखकर वीर क्या करने लगते हैं?

४) मीठे वचन बोलने से क्या लाभ है?

५) हमें कैसे वचन त्यागना चाहिए?

६) तुलसीदास जी 'दया' के बारे में क्या कह रहे हैं?

**II. निम्नलिखित भाव को पाठ में किन पंक्तियों द्वारा अभिव्यक्त किया गया है :**

१) आम का पेड़ दूसरों के लिए ही फूलता और फलता है।

२) सच्चा शूर - वीर कभी अपने मुँह से अपनी बड़ाई नहीं करता।

३) दुश्मन की फौज को देखकर कायर रोने-पीटने लगता है।

©KTBS Not to be republished

४) मीठे वचन बोलने से चारों ओर खुशी का वातावरण उत्पन्न हो जाता है।

५) अभिमान पाप का मूल है और दया धर्म का।

**III. निम्नलिखित का भाव स्पष्ट कीजिए :**

१) आवत ही हरषै नहिं, नैनन नहिं सनेह।

२) सूर समर करनी तुलसी करहिं, कहिं न जनावहिं आप।

३) बसीकरन यह मंत्र है, परिहरु वचन कठोर।

**IV. नमूने के अनुसार निम्नलिखित शब्दों का प्रचलित खड़ीबोली रूप लिखिए :**

**इतते - यहाँ से** **ते - से**

| | |
|---|---|
| १. उतते - | ५. करहिं - |
| २. चहुं - | ६. छाँड़िए - |
| ३. तहाँ - | ७. लौ - |
| २. कहिं - | |

V. **विलोम शब्द लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| १. इतते x | ४. मीठा x | ७. धर्म x |
| २. आवत x | ५. सुख x | ८. अभिमान x |
| ३. कायर x | ६. कठोर x | ९. दया x |

©KTBS Not to be republished

**VI. दोहा जो आपको बहुत अच्छा लगा हो, उसे भावार्थ सहित कक्षा में सुनाइए।**

**VII. दोहों में निहित किन बातों को आप अपने जीवन में लागू करना चाहते हैं, उन्हें तीन-चार वाक्यों में लिखिए।**

**VIII. दोहों को कंठस्थ कीजीए।**

**योग्यता विस्तार :**

- मीठे वचन बोलने से चारों ओर सुख फैलता है। कैसे? कुछ उदाहरण देते हुए कक्षा में इसकी चर्चा कीजीए।

©KTBS Not to be republished